* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 अप्रैल, 2025
चैत्र, शुक्ल पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
बुधवार, वर्ष 10, अंक 169

क्राउन प्रिंस शेख हमदान ने पीएम मोदी से की मुलाकात, भारत-यूएइ के संबंधों में और मजबूती पर दिया जोर



# राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्यों की होगी नियुक्ति

- माध्यमिक और प्लस टू स्कूलों में 8,900 पदों पर होगी बहाली
- कैबिनेट की बैठक में पद सृजन को मिली मंजूरी
- ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें कुल 14 प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। बैठक में राज्य के स्कूलों में शिक्षकों की कमी को पाटने के लिए पद सृजन को मंजूरी दी गयी। राज्य में 1373 माध्यमिक आचार्य के पद के अलावा माध्यमिक और प्लस टू स्कूलों में 8900 पदों पर नियुक्ति की मंजूरी दी गयी। वहीं, ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को भी स्वीकृति मिली। इसके तहत युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान दस हजार रुपये मिलेंगे।

**शिक्षकों की कमी होगी दूर :** कैबिनेट की बैठक के बाद सचिव वंदना दादेल ने बताया कि झारखंड राज्य अंतर्गत सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संवर्ग तथा सरकारी +2 विद्यालय शिक्षक संवर्ग के क्रमशः रिक्त 9,470 एवं 797 पद में से क्रमशः 8,650 एवं 250 पद, कुल 8,900 पदों का प्रत्यर्पण एवं 510 सरकारी +2 विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग के आवश्यकता आधारित 1373 माध्यमिक आचार्य पदों के पदसृजन की स्वीकृति दी गयी।



### 17,380 प्रशिक्षुओं का चयन किया जायेगा

कैबिनेट की बैठक में झारखंड ग्रासरूट इनोवेशन इंटर्नशिप स्कीम को मंजूरी दी गयी। इस योजना के तहत राज्यभर से 17,380 प्रशिक्षुओं का चयन किया जायेगा। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान 10 हजार रुपये स्टाइपेंड के रूप में दिया जायेगा। सरकार की इस पहल का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल से लैस करना है। यह इंटर्नशिप स्कीम नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गयी है, जिससे युवाओं को रोजगार के नये अवसर मिलेंगे।

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय अंतर्गत कार्यालयों के लिपिक/लिपिक-सह-टंकक/टंकक संवर्ग में नियुक्ति के लिए झारखंड राज्य जल संसाधन विभाग क्षेत्रीय लिपिकीय पदों पर भर्ती नियमावली, 2025 के गठन की स्वीकृति।
- झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग -2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर भूतलक्षी प्रभाव से प्रोन्नति की स्वीकृति।
- अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अंशकालीन शिक्षकों से कार्य लिये जाने की अवधि विस्तार की मंजूरी।
- पंचम राज्य वित्त आयोग के प्रथम प्रतिवेदन पर कृत अंतरिम कार्रवाई पर मंत्रिपरिषद की कार्योपरांत स्वीकृति।

### उद्यमियों के लिए डीजल पर छूट

राज्य में उद्योगों और खनन के लिए थोक में खरीदे जानेवाले हाई स्पीड डीजल पर टैक्स घटा कर 15% कर दिया गया। वहीं, एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दर में संशोधन किया गया है। इसे चार फीसदी से बढ़ा कर 12 फीसदी किये जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी।

### स्पेन-स्वीडन यात्रा और उसके खर्च की स्वीकृति

झारखंड में औद्योगिक निवेश को आकर्षित/प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गठित उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के स्पेन एवं स्वीडन यात्रा तथा इससे संबंधित व्यय की स्वीकृति दी गयी। राज्य कर्मियों के स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सूचीबद्ध अस्पतालों के क्लेम की राशि के दिशानिर्देश की स्वीकृति, इसमें प्रोत्साहन राशि से जुड़े नियमावली को स्वीकृति दी गयी।

# झारखंड में शिक्षकों की कमी पर हाइकोर्ट सख्त

## अदालत ने पूछा, कब शुरू होगी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शिक्षकों की कमी को लेकर उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश जारी किये हैं। हाइकोर्ट ने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष को निर्देश दिया है कि वे 26,000 स्कूली शिक्षकों के शुरुआती बैच की नियुक्ति प्रक्रिया के बारे में अदालत को जानकारी दें कि यह कब शुरू और समाप्त होगी।

**शिक्षकों की कमी है गंभीर मामला :** यह सुनवाई पिछले साल दायर की गयी एक जनहित याचिका (पीआइएल) के स्पष्टीकरण में हो रही है, जिसमें झारखंड में शिक्षकों की भारी कमी का मुद्दा उठाया गया था। शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार, झारखंड में सबसे अधिक शिक्षकों की कमी पायी जाती है। सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में 30% से अधिक में केवल एक ही शिक्षक कार्यरत हैं।

### शिक्षा का अधिकार अधिनियम का पालन

निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसार, प्रत्येक विद्यालय में कम से कम दो शिक्षक और 30 बच्चों पर कम से कम एक शिक्षक होना अनिवार्य है। झारखंड में अधिकांश प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय इन मानदंडों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। यह समस्या हर साल बढ़ती जा रही है, क्योंकि 2016 के बाद से कोई भी नये स्कूल शिक्षक नियुक्त नहीं किये गये हैं।

### सरकार का हलफनामा और आश्वासन

याचिका के जवाब में झारखंड सरकार ने दो अप्रैल 2025 को हाइकोर्ट में हलफनामा पेश किया। हलफनामे में याचिकाकर्ताओं द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को खंडन नहीं किया गया। केवल 26,000 शिक्षकों की निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध नियुक्ति का आश्वासन दिया गया है, बिना किसी समय सीमा स्पष्ट किये।

# वक्फ कानून लागू, पश्चिम बंगाल में हिंसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/मुर्शिदाबाद।** वक्फ संशोधन कानून मंगलवार से देशभर में लागू कर दिया गया है। गृहमंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है। वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को लोकसभा से 3 अप्रैल को राज्यसभा से पास हुआ था। 5 अप्रैल को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद यह कानून बना था। उधर, वक्फ संशोधन बिल को पास होने के बाद से अबतक सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। वहीं, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने 11 अप्रैल से पूरे देश में विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है।

वहीं, पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में मंगलवार शाम को वक्फ कानून के विरोध के दौरान हिंसा भड़क गयी। कई वाहनों को प्रदर्शनकारियों ने आग लगा दी है। इसमें पुलिस की गाड़ियां भी शामिल हैं। प्रदर्शनकारियों से झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हैं। वक्फ कानून के विरोध में मुर्शिदाबाद में मुस्लिम संगठन प्रदर्शन कर रहा था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने की कोशिश की। इसी दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके। पुलिस ने उन्हें खदेड़ने के लिए आंसू गैस के गोले दागे और लाठीचार्ज किया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर महिला से 25 लाख की ठगी

## अपनी जमीन और घर को गिरवी रख कर पीड़िता ने पैसा दिया था

रोहित राम

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू थाना क्षेत्र के मैनेजर तालाब के पास रहने वाली रेणुका देवी पति राजीव कुमार पातर से सोनाहातु थाना के नीमडीह गांव की सुलेखा देवी ने 25 लाख रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठग लिये। पीड़िता ने अपनी जमीन और घर को गिरवी रखकर पैसा दिया था। पीड़िता ने बुंडू थाने में लिखित शिकायत दस दिन पहले दी है लेकिन अभी तक मामला दर्ज नहीं किया गया है। मंगलवार को जब पीड़िता थाने गयी तो थानेदार ने कहा की एफआइआर दर्ज किया जायेगा। इस मामले में पीड़िता ने बाजार से कर्ज भी ले रखा है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपी सुलेखा देवी पति सुरेश चंद्र महतो ने अपने मोबाइल नंबर



आरोपी सुलेखा



पीड़ित रेणुका

6201198133 पर पहले पीड़ित रेणुका देवी से तीस हजार रुपये लिये उसके बाद नामकुम थाना प्रभारी के नाम पर तीन लाख रुपये लिये। जब पीड़ित रेणुका देवी ने कहा कि मैं मैट्रिक तक पढ़ी हूं, मेरा इंटर बीए, बीएड का सर्टिफिकेट नहीं है। इस पर आरोपी ने जाली सर्टिफिकेट बनाने के नाम पर 12 लाख रुपये ले लिया। उसके बाद आरोपी ने मेरा आधार कार्ड, मार्कशीट, पहचान पत्र और सफेद कागज में साइन कर पति-पत्नी के अंगूठे का निशान एवं साइन ले लिया। उसके बाद वह मुझे ज्वाइनिंग लेटर के नाम पर रोज नया तारीख देती रही और मुझे लिंक के नाम पर कई जगह जैसे सोनाहातू हाइस्कूल ग्वाली स्कूल ले जाती थी फिर हंसराज प्राइमरी स्कूल की प्रधानाध्यापक को देने के नाम पर पच्चीस हजार रुपये की मांग की। फिर दिसंबर 2024 को आरोपी सुलेखा देवी ने कहा कि प्राइमरी स्कूल का 2025 में नियुक्ति नहीं है। जब आप इतना पैसा दे चुकी हैं तो ढाई लाख रुपये और दे दो तो हंसराज प्रोजेक्ट हाइस्कूल में नौकरी हो जायेगी। मेरा पति सुरेश चंद्र महतो, सुमित सर, रवि महतो, दिलीप कुम्हार और मेरे पापा भुवनेश्वर महतो तेरा काम कर रहे हैं। मेरा पापा भुवनेश्वर महतो 20 साल से नौकरी दिलाने का काम करते हैं। पीड़ित रेणुका देवी को 23 फरवरी 2025 को ट्रेनिंग के नाम पर रांची के लोवाडीह ले गयी जहां मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया। साथ ही मुझे ब्लैकमेलिंग करने लगी की तुम्हारे पर्सनल फोटो को मैं वायरल कर दूंगी और जान से मार दूंगी।

## अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन शुरू

# हम दलित, मुस्लिम-ब्राह्मण में उलझे रहे ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया: राहुल गांधी


**भाजपा-संघ के लोग गांधीजी का चश्मा-छड़ी चुरा सकते हैं, उनके आदर्श नहीं : खड़गे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में मंगलवार को राहुल गांधी ने कहा कि हम दलित, मुस्लिम और ब्राह्मण में उलझे रहे और ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया। राहुल ने कहा कि हम मुस्लिमों की बात करते हैं, इसलिए हमें मुस्लिम परस्त कहा जाता है। हमें ऐसी बातों से डरना नहीं है। मुद्दे उठाते रहना है। राहुल गांधी मंगलवार को अहमदाबाद में कांग्रेस के 84वें अधिवेशन में बोल रहे थे।

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल की विचारधारा आरएसएस के विचारों के विपरीत है। यह हास्यास्पद है कि आज वह संगठन, जिसका स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान नहीं है, उनकी विरासत का दावा कर रहा है। खड़गे ने आरोप लगाया कि आज भाजपा और संघ परिवार के लोग गांधी से जुड़ी संस्थाओं पर कब्जा कर रहे हैं और उन्हें उनके वैचारिक विरोधियों को सौंप रहे हैं। उन्होंने वाराणसी में सर्व सेवा संघ पर भी कब्जा कर लिया है। आप सभी जानते हैं कि गुजरात विद्यापीठ में क्या हुआ। खड़गे ने आरोप लगाया कि गांधीवादी और सहकारी आंदोलन के लोगों को हाशिए पर रखा जा रहा है। ऐसी सोच रखने वाले लोग गांधीजी का चश्मा चुरा सकते हैं और छड़ी मार सकते हैं। लेकिन वे कभी भी उनके आदर्शों का पालन नहीं कर सकते।








आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# मंजिल पर पहुंच सकेगी राहुल की बिहार एक्सप्रेस!

## ■ तीन महीने में चुनावी राज्य की तीसरी यात्रा से लालू-तेजस्वी भी भौंचक
## ■ कांग्रेस की संगठनात्मक स्थिति को सुधारने में ही निकल जायेगा समय
## ■ प्रदेश अध्यक्ष को बदल देने भर से पार्टी की स्थिति में सुधार संभव नहीं

**आजाद सिपाही विशेष**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक और बिहार दौरा खत्म हो गया है। पिछले तीन महीने में उनका यह तीसरा बिहार दौरा था। इस बार वह बेगूसराय भी गये, जहां उन्होंने करीब एक किलोमीटर की पदयात्रा में बिहार की सियासी जमीन को नापने की कोशिश की। तीसरी बार बिहार आये राहुल गांधी इस बार फिर बहस का एक मुद्दा दे गये। उन्होंने राजद के साथ मिल कर चुनाव लड़ने की बात तो की, लेकिन दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के साथ ओबीसी-इबीसी की बात कर राजद को बता गये कि कांग्रेस को पिछलग्गू समझने की भूल न करें। राहुल ने कहा कि दलित, ओबीसी और इबीसी के लोग अब तक हाशिये पर रहे हैं। प्रदेश को सवर्ण ही लीड करते रहे हैं। वह कांग्रेस का चेहरा अब हाशिये के लोगों को ऊपर लाकर बदलेंगे। राजेश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बना कर इसकी शुरूआत भी हो चुकी है। वैसे यह पहली बार नहीं है, जब राहुल ने लालू-तेजस्वी के सियासी आधार में सेंधमारी की कोशिश की है। राहुल गांधी ने कांग्रेस के लिए जो सियासी जमीन तैयार करने की कोशिश शुरू की है, उसके परिणाम चाहे कुछ भी हों, लालू-तेजस्वी के लिए यह टेंशन पैदा करनेवाला तो है ही। दूसरी तरफ राहुल गांधी के सामने दूसरी चुनौती पहले बेगूसराय और फिर पटना में कांग्रेसियों के बीच जिस तरह की धींगामुश्ती हुई, उसे दूर कर पार्टी को एकजुट करने की है। बिहार कांग्रेस की अंदरूनी स्थिति ठीक नहीं है और खुद राहुल गांधी को भी यह बात पता ही होगी। आखिर राहुल गांधी की ताबड़तोड़ बिहार यात्रा के क्या हैं सियासी मायने और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को बिहार में थे। उनके तीन कार्यक्रम निर्धारित थे। उन्हें एनएसयूआइ के बैनर तले कन्हैया कुमार की नौकरी दो, पलायन रोको यात्रा में शामिल होना था। इसलिए पटना एयरपोर्ट से सीधे वह बेगूसराय के लिए निकल गये। कन्हैया की यात्रा बेगूसराय पहुंची थी। पटना लौट कर राहुल गांधी संविधान बचाने को लेकर आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। फिर पार्टी के प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम में उन्होंने कांग्रेस के नेताओं-कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तीन महीने में तीसरी बार पटना पहुंचे राहुल ने कुछ ऐसी बातें कह दी, जो कांग्रेस की कभी लाइन नहीं रही।

### राहुल ने कांग्रेस की गलतियां स्वीकारीं

राहुल का कहना था कि कांग्रेस अभी तक बिहार में गलतियां करती रही है। अब नहीं करेगी। उन्होंने इस परिमार्जन को उदाहरण के साथ समझाया। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस के दो तिहाई अध्यक्ष सवर्ण होते थे। दलित और पिछड़ी जातियों के एक तिहाई लोगों को ही यह मौका मिलता था। अब स्थिति पलट गयी है। दलित और ओबीसी-इबीसी के दो तिहाई लोग अब जिला से प्रदेश स्तर तक अध्यक्ष हैं। उनकी बातों से इतना तो स्पष्ट हो ही गया है कि अब कांग्रेस की राजनीतिक लाइन क्या होगी। हालांकि कांग्रेस ने कभी इस तरह की विभाजनकारी राजनीति को प्रश्रय नहीं दिया है। लेकिन लगता है कि राहुल गांधी ने वक्त से सीख ली है।

### दलित अध्यक्ष कांग्रेस का भूल सुधार

राहुल को अब जाकर यह महसूस हुआ है कि बिहार में कांग्रेस से चूक हुई है। दलित जाति से आने वाले राजेश कुमार को प्रदेश अध्यक्ष बना कर कांग्रेस ने गलती सुधारने का अभियान छेड़ दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने जिला कमेटियों में दलित, ओबीसी और इबीसी से आने वाले लोगों को पहली बार इस तरह का मौका दिया है। हालांकि ऐसा कहते समय राहुल यह भूल गये कि बिहार की राजनीति में 1990 के कुछ पहले से ही इस तरह की राजनीति होती रही है। कर्पूरी ठाकुर बिहार के सीएम रहे, जो पिछड़ी जाति से थे। रामसुंदर दास तो दलित समाज से ही सीएम बने थे। लालू यादव, राबड़ी देवी और नीतीश कुमार भी ओबीसी से ही आते हैं, जिनके हाथ में बीते 35 साल से बिहार की सत्ता है। जीतन राम मांझी तो महादलित हैं, जबकि अब्दुल गफूर अल्पसंख्यक समुदाय से थे।



### कांग्रेस सवर्णों को दोयम दर्जे में रखेगी

सवर्ण जातियों को अध्यक्ष बनाने को कांग्रेस की गलती बताने वाले राहुल ऐसा कहते समय यह भी भूल गये कि उनके खासमखास कन्हैया कुमार तो सवर्णों में शुमार भूमिहार जाति से आते हैं। उनकी अगवानी करने एयरपोर्ट पहुंचे पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह भी भूमिहार बिरादरी के ही हैं। राहुल को शायद ऐसा लगता होगा कि सवर्ण तो भाजपा के साथ चले गये हैं। इसलिए अब उनसे कोई उम्मीद नहीं। पर बिहार में कांग्रेस के जिन कुछ नेताओं ने अब तक जिंदा रखा है, उनमें मदन मोहन झा और अखिलेश प्रसाद सिंह जैसे भी नेता हैं।

### हर बार तेजस्वी की टेंशन बढ़ा जाते हैं राहुल

राहुल ने पिछली दो यात्राओं में बिहार के जाति सर्वेक्षण को फर्जी बता कर तेजस्वी यादव की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। तेजस्वी इसे अपनी उपलब्धि बताते रहे हैं। इस बार कांग्रेस को नया रूप देने के लिए उन्होंने दलित-पिछड़ों पर दांव लगाया। यानी वे भी उसी राह चलने की बात कह गये, जिस पर जातीय आधार पर बनीं क्षेत्रीय पार्टियां पहले से चल रही हैं।

राजद पार्टी आज भी यादव जाति की राजनीति करती है। नीतीश कुमार लव-कुश समीकरण के नेता माने जाते हैं। चिराग पासवान और जीतन राम मांझी की पार्टियां भी जाति की ही राजनीति करती हैं। इनमें तीन तो अभी एनडीए के साथ हैं, इसलिए जातीय आधार पर वोट पाने की राहुल की कोशिश समझ में आती है। पर राजद और वीआइपी का क्या होगा? ये पार्टियां तो उन्हीं जातियों की राजनीति करने वाली पार्टियां हैं, जिनके वोट झटकने के लिए राहुल कांग्रेस को पुनर्जीवित करना चाहते हैं। ऐसे में उन्हें कैसा लगेगा राहुल गांधी का यह प्रयास, यह बड़ा सवाल है।

### राहुल गांधी की बिहार एक्सप्रेस

बिहार में अपने अस्तित्व को बचाने और बढ़ाने के लिए जूझ रही कांग्रेस के लिए बिहार विधानसभा का चुनाव बेहद महत्वपूर्ण है। पिछले तीन दशकों से कांग्रेस लालू प्रसाद यादव के साये में रहते हुए बिहार की राजनीति करती आ रही है, लेकिन इस बार कांग्रेस पहली बार यह प्रयास कर रही है कि उसका संगठन मजबूत हो। यही कारण है कि कृष्णा अल्लावारु जैसे युवा नेता को बिहार का प्रभारी बनाया गया। राजनीति के जानकार आने वाले समय में कन्हैया कुमार की बिहार कांग्रेस में अहम भूमिका देख रहे हैं।

### राहुल गांधी बार-बार बिहार क्यों आ रहे

कन्हैया कुमार को आगे करना और राहुल गांधी का बार-बार बिहार आने का संदेश साफ है कि बिहार में कांग्रेस युवाओं को अब प्राथमिकता देगी और दूसरी तरफ कांग्रेस अपने संगठन को भी मजबूत करेगी, ताकि बिहार की राजनीति में फिर कांग्रेस अपने उस पुराने रंग में आ सके, जब प्रदेश की पूरी राजनीति कांग्रेस के इर्द-गिर्द घूमती थी। हाल में कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों में जो बदलाव किये हैं, वह भी इसी कड़ी की कवायद है।

यहां भी युवाओं को तरजीह दी गयी है और जातिगत समीकरण भी सेट किये गये हैं। जहां सवर्णों की हिस्सेदारी पहले से आधी कर दी गयी है, वहीं दलितों और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ायी गयी है।

जाहिर है, बिहार को लेकर राहुल की यह सक्रियता कहीं न कहीं राजद को बेचैन कर रही है। शायद इसीलिए पटना आकर भी राहुल गांधी ने तेजस्वी यादव से मिलने की कोशिश नहीं की। राहुल गांधी की तरफ से रिश्तों में यह ठंडापन बिहार विधानसभा के आसन्न चुनाव में नया समीकरण बना दे, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

---

# सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी करायेगी झारखंड पुलिस

## झारखंड से 30 हजार से अधिक निवेशकों ने 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी करायेगी। जानकारी के मुताबिक डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पुलिस मुख्यालय, रांची में सोमवार को सहारा इंडिया के अधिकारियों के खिलाफ सीआइडी में दर्ज मामले की रिव्यू मीटिंग करते हुए यह निर्णय लिया है।




सहारा इंडिया में झारखंड से 30 हजार से अधिक निवेशकों ने 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया है। दूसरी तरफ झारखंड में निवेशकों का पैसा कहां-कहां निवेश किया गया है, इसकी जांच के लिए जांच आयोग का गठन किया जायेगा। झारखंड सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है।

### इन्हें बनाया गया है अभियुक्त

सहारा इंडिया के खिलाफ विश्व भारती जनसेवा संस्थान द्वारा केस दर्ज कराया गया है। इसमें सुब्रत राय की पत्नी सपना राय, निदेशक सह डिप्टी डायरेक्टर ओमप्रकाश उर्फ ओपी श्रीवास्तव, झारखंड से सोसाइटी निदेशक नीरज कुमार पाल, निदेशक सह रांची के जोनल हेड संजीव कुमार सहित अन्य को मुख्य अभियुक्त बनाया गया है। इसमें नीरज कुमार पाल और संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका झारखंड की निचली अदालत ने रद्द कर दी है।

---

# वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम समाज का विरोध, सड़क पर उतरे लोग

आजाद सिपाही संवाददाता

**जामताड़ा।** केंद्र सरकार द्वारा पास किये गये वक्फ बोर्ड बिल के खिलाफ जामताड़ा में मुस्लिम समाज ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया। मुस्लिम मंच के आह्वान पर आयोजित इस विशाल जन आक्रोश रैली में हजारों लोग शामिल हुए और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ तीखा विरोध जताया। गांधी मैदान से हाफिज नाजीर हुसैन के नेतृत्व में शुरू हुई यह रैली शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरती हुई अनुमंडल कार्यालय पहुंची, जहां यह एक जनसभा में तब्दील हो गयी। प्रदर्शनकारियों ने काली पट्टियां बांधकर और हाथों में तख्तियां लेकर वक्फ बोर्ड बिल को रद्द करने की मांग की। सभा के दौरान मंच पर उपस्थित नेताओं ने केंद्र सरकार पर समुदाय के धार्मिक अधिकारों में हस्तक्षेप का आरोप लगाया। नेताओं का कहना था कि यह बिल न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन को प्रभावित करेगा, बल्कि यह मुस्लिम समाज को हाशिए पर धकेलने का एक गहरा षड्यंत्र है। सभा को हाफिज नाजीर हुसैन, इरशाद उल हक अर्शी, अलीमुद्दीन अंसारी, डॉ अब्दुल मन्नान अंसारी, सगीर खान, सादिक अंसारी, जसीम अंसारी, रिजवान शेख, मुख्तार अंसारी, तनवीर आलम, आफताब दिलकश, अलाउद्दीन अंसारी, मुन्ना खान सहित अन्य वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में एक प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन भी सौंपा।




---

# गौ तस्करी, लव जिहाद और घुसपैठ चिंतनीय : मिलिंद परांडे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने झारखंड में घुसपैठ और धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा है कि प्रदेश को बचाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झारखंड में धर्मांतरण बहुत तेजी से किया जा रहा है। मिलिंद परांडे ने मंगलवार को रांची के एक होटल में प्रेसवार्ता में घुसपैठ और धर्मांतरण की समस्या पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि साहिबगंज और पाकुड़ जैसे जिलों में बड़े पैमाने पर घुसपैठ की घटनाएं हुई हैं। इसी प्रकार सिमडेगा जैसे कई जिलों में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का कार्य किया गया है। गौ तस्करी, लव जिहाद, घुसपैठ चिंता के विषय हैं। इन विषयों पर जागरण और हल ढूंढने का कार्य विहिप कर रही है। परांडे ने कहा कि झारखंड के हिंदुओं और जनजातीय समुदाय के लोगों की जमीनों को लूटने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने विहिप के राष्ट्रव्यापी कार्यक्रमों और अभियानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विहिप ने हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति दिलाने का राष्ट्रव्यापी अभियान चला रखा है। इस क्रम में विजयवाड़ा में एक बड़ी जनसभा का आयोजन किया गया था। इस वर्ष देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।




---

# नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने पर बनेगी रणनीति

## केंद्रीय गृह सचिव का 25 अप्रैल को झारखंड दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अफीम समेत अन्य नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने पर रणनीति बनेगी। इसे लेकर केंद्रीय गृह सचिव आगामी 25 अप्रैल को झारखंड दौरे पर आयेंगे। इसको लेकर केंद्रीय गृह सचिव रांची में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान नशीले पदार्थों के दुरुपयोग, इसके अवैध कारोबार को रोकने के लिए किये गये विशेष कार्य या पहल व जागरूकता अभियान सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। केंद्रीय गृह सचिव के दौरे को लेकर गृह विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है।



### कार्रवाई के संबंध में गृह विभाग ने रिपोर्ट मांगी है

जिला स्तर पर नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार को लेकर की गयी कार्रवाई पर चर्चा की जायेगी। इसके लिए जिला स्तर पर बीते एक जनवरी 2024 से लेकर अभी तक की गयी कार्रवाई के संबंध में गृह विभाग ने रिपोर्ट मांगी है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, वर्ष 2024-25 में पुलिस ने बड़े पैमाने पर अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की। वहीं 2025 में फरवरी माह तक करीब 20 हजार एकड़ में अफीम की फसल नष्ट की गयी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 37.5 °c | 21.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.07 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.34 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


## झामुमो का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन रांची में 14-15 अप्रैल को

# महाधिवेशन में लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग लेंगे: फागू बेसरा

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का 13वां केंद्रीय महाधिवेशन रांची में 14-15 अप्रैल को आयोजित होगा। इस संबंध में पार्टी के महासचिव फागू बेसरा ने कहा कि रांची के खेलगांव स्थित इनडोर स्टेडियम में झामुमो का दो दिवसीय महाधिवेशन संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस 14 अप्रैल के अवसर पर शुरू होगा और समापन 15 अप्रैल को किया जायेगा। बेसरा ने कहा कि बैठक में पार्टी की आगामी रणनीति बनेगी। महाधिवेशन में झारखंड समेत बिहार, बंगाल, ओड़िशा, असम और तमिलनाडु से प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इन प्रांतों में झामुमो की सांगठनिक इकाइयां हैं। महाधिवेशन आरंभ होने के बाद केंद्रीय समिति भंग कर दी जायेगी। 16 जनवरी से पूरे राज्य में पंचायत से लेकर जिला स्तर की कमेटियां भंग की जा चुकी हैं। महाधिवेशन से पूर्व इसके गठन की प्रक्रिया आरंभ की जायेगी। राज्य की सत्ता में शानदार तरीके से वापसी से स्पष्ट है कि पार्टी का संगठनात्मक दायरा बढ़ा है। महाधिवेशन में केंद्रीय समिति भंग की जायेगी और संचालन मंडली व अध्यक्ष मंडली गठित होगी। इस दो दिवसीय महाधिवेशन में लगभग 4000 प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि मेरे आलावा संविधान संशोधन समिति के सदस्य विनोद कुमार पांडेय, सुदिव्य कुमार, योगेंद्र प्रसाद, अभिषेक प्रसाद और विजय कुमार हांसदा है। इन सदस्यों ने संविधान संशोधन के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार रखे और महाधिवेशन में पेश किये जाने वाले प्रस्तावों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन बातों पर चर्चा हुई, वह संगठन का आंतरिक मामला है। कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई है। जब अधिवेशन से राजनीतिक प्रस्ताव को मंजूरी मिल जायेगी, उसके बाद इसे सार्वजनिक किया जायेगा।

## एएनआरएफ-आइएनएइ कॉन्क्लेव 2025

# रक्षा राज्य मंत्री ने छात्रों को पुरस्कृत किया

**एनआइएएमटी और इंडोकैन के बीच हुआ एमओयू**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइएएमटी) ने एएनआरएफ (एसइआरबी)-आइएनएइ कॉन्क्लेव 2025 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम का मुख्य विषय था आत्मनिर्भर प्रौद्योगिकी-इंजीनियरिंग सुरक्षित भविष्य।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार शामिल हुए। इसके अलावा, एमडीएस इंडोकैन इंक कनाडा की निदेशक मोहुआ दत्ता, एनआइएएमटी के चांसलर अरुण कुमार झा, एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक प्रोफेसर गौतम सूत्रधार और आइआइटी (आइएसएम) धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अभिनव उत्पाद-प्रोटोटाइप, ग्रैंड आइडिया चैलेंज और स्टार्ट-अप के विचार जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वतंत्र राष्ट्र की दिशा में कनाडा और भारत सरकार के सहयोग पर मोहुआ दत्ता द्वारा विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा, भविष्य की अभिनव परियोजनाओं के लिए एनआइएएमटी और इंडोकैन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। संजय सेठ ने एनआइएएमटी में केंद्रीय कार्यशाला सुविधा का भूमि पूजन भी किया। इस अवसर पर, उन्होंने छात्रों को देशभक्ति की भावना रखने और देश को एक उभरती हुई आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ वैशाली एस पोद्दार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम के माध्यम से, एनआइएएमटी ने आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — रोग-शोक-दु:श्चिन्ताओं से छुटकारा मिलेगा,सुख-सुविधा के साधन बनेंगे।
- **वृष** — परिश्रम प्रयत्न से जटिल समस्या का समाधान मिलेगा,कर्मक्षेत्र में अनुकूल वातावरण।
- **मिथुन** — रोजी-रोजगार में सफलता,माता पिता का सहयोग, प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।
- **कर्क** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकाश होगा,परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी।
- **सिंह** — कठिन परिश्रम-प्रयत्न से आजीविका के क्षेत्र में सपलता, आत्मबल एवं कर्मबल में वृद्धि होगी।
- **कन्या** — नौकरी-व्यापार की स्थिति में सुधार, नई आशाओं का उदय होगा, धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — परिस्थितियों में सुधार,नौकरी में बदलाव होने की संभावना,विविध समस्याओं का समाधान।
- **वृश्चिक** — स्वास्थ्य में सतर्कता आवश्यक है,राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी।
- **धनु** — आत्मविश्वास की वृद्धि,रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता,संतान पक्ष से शुभ समाचार की प्राप्ति।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
- **मीन** — चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।

# त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन पर सीएम हेमंत सोरेन ने जतायी खुशी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाल ही में संपन्न हुए विभिन्न त्योहारों के शांतिपूर्ण आयोजन पर संतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि कैसे लोग अपनी आस्था और परंपराओं को बनाये रखने के लिए एकजुट होते हैं। उनकी सरकार भी इन आयोजनों को सफल बनाने में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है। वे कैबिनेट की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि सभी त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण माहौल में संपन्न हों। इसके लिए प्रशासन और स्थानीय लोगों के बीच बेहतर समन्वय की आवश्यकता होती है। गोड्डा में अडानी पावर को लेकर उठे मामले पर कहा कि यह मामला जिला प्रशासन द्वारा देखा जा रहा है। सरकार इस मामले पर नजर रखे हुए है।

# पेयजल विभाग में हुई अनियमितता की हो उच्चस्तरीय जांच: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत सोरेन के पहले कार्यकाल के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में वर्ष 2019 से 2024 के बीच 160 करोड़ की लागत से किये गये कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि ऑडिट रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में भी चारा घोटाले की तरह विभिन्न कोषागार से अवैध निकासी को अंजाम दिया गया है। राज्य सरकार इस पूरे मामले की निष्पक्ष और उच्च स्तरीय जांच कराये, ताकि दोषियों को सजा दिलायी जा सके। जनता के पैसों से की गयी यह लूट रोकी जा सके।

# राजभवन के समक्ष शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा ने किया प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड अनुबंध महाविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मचारी मोर्चा ने मंगलवार को राजभवन के समक्ष प्रदर्शन किया। मोर्चा ने स्थायी रूप से समायोजन की मांग लेकर आवाज बुलंद की। बता दें कि ये मामला दो-ढाई साल पहले से चला आ रहा है। अनुबंध कर्मियों को स्थायी करने के संबंध में 03.12.2022 सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय, दुमका द्वारा एक पत्र जारी किया गया था। इसमें सभी अंगीभूत महाविद्यालयों और स्नातकोत्तर विभागों से यह आग्रह किया गया था कि जो शिक्षकों और चतुर्थ वर्गीय कर्मियों की सेवाएं अनुबंध (संविदा) पर ली गयी हैं और जिनका कार्यकाल 5 वर्ष या अधिक हो चुका है, उनके स्थायीकरण (नियुक्ति) पर विचार के लिए न्यायिक समिति की अनुशंसा के आलोक में विस्तृत प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर विश्वविद्यालय को भेजा जाये। इसके लिए एक आवरण पत्र और प्रपत्र की छायाप्रति संलग्न करने को भी कहा गया था। यह पत्र संविदा कर्मियों की स्थायी नौकरी की मांग से संबंधित था।

# मुख्य चुनाव आयुक्त 11 अप्रैल से तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर

**रामगढ़-रांची में वोलेंटियर और बीएलओ से मिलकर संपन्न लोकसभा, विधानसभा चुनावों में जानेंगे उनका अनुभव**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार 11 से 13 अप्रैल तक तीन दिवसीय झारखंड दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त रामगढ़ एवं रांची के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार निर्वाचन सदन में मुख्य चुनाव आयुक्त के झारखंड भ्रमण की तैयारियों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। के रवि कुमार ने बताया कि 12 अप्रैल को रामगढ़ में मुख्य चुनाव आयुक्त लोकसभा एवं विधानसभा निर्वाचन 2024 में भाग लेने वाले वालेंटियर से मुलाकात करेंगे। इस दौरान वह वालेंटियर का निर्वाचन के दौरान हुए अनुभवों को जानेंगे। वहीं 13 अप्रैल को रांची के दशम फॉल में बीएलओ से मुलाकात करेंगे एवं दुर्गम क्षेत्रों में उनके प्रयासों को जानेंगे। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त बीएलओ द्वारा निर्वाचन के दौरान हाउस टू हाउस सर्वे, बीएलओ ऐप, मतदान का समय प्रबंधन इत्यादि के विषय में उनके अनुभवों को जानेंगे।

के रवि कुमार ने समीक्षा बैठक के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों को मुख्य चुनाव आयुक्त के दौरे से संबंधित कार्यों को आवंटित करते हुए उसके बेहतर अनुपालन के निर्देश दिये। उन्होंने रामगढ़ एवं रांची के कार्यक्रम स्थलों पर तैयारियों का निरीक्षण करते हुए उसे ससमय पूर्ण कर लेने को कहा। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर, रांची के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची एसएसपी चंदन कुमार मौजूद थे। वहीं वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से रामगढ़ जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार सहित निर्वाचन के पदाधिकारी बैठक से जुड़े थे।

## इडी ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मंत्री सहित तीन लोगों से की पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की टीम मंगलवार को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार पहुंची। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इडी की टीम टेंडर कमीशन घोटाला और जमीन घोटाला मामले की जांच को लेकर जेल पहुंची है। जानकारी के मुताबिक ग्रामीण विकास विभाग में कमीशन को लेकर पूर्व मंत्री आलमगीर आलम और उनके पीएस संजीव लाल से इडी ने पूछताछ की जबकि रांची जमीन घोटाले में कांके में जमीन हड़पने से जुड़े इसीआइआर 5/24 के गवाह प्रवीण जायसवाल से इडी ने जेल में पूछताछ की। उल्लेखनीय है कि कांके अंचल के पूर्व सीओ दिवाकर प्रसाद द्विवेदी को प्रवीण के बयान के आधार पर ही चार्जशीटेड किया गया था। इडी ने प्रवीण को 28 मार्च को समन देकर एजेंसी में पूछताछ के लिए बुलाया भी था, लेकिन इससे पूर्व ही कांके पुलिस ने 19 मार्च को दर्ज जमीन फर्जीवाड़े के केस में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इडी ने प्रवीण जायसवाल का बयान दर्ज कराने के लिए इडी की विशेष अदालत से जेल में पूछताछ की अनुमति मांगी थी।

# एसबीयू का दीक्षांत समारोह 11 अप्रैल को, हो रही भव्य तैयारी

## समारोह में विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री भी प्रदान की जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय का द्वितीय दीक्षांत समारोह विवि परिसर के दीक्षांत मंडप में शुक्रवार 11 अप्रैल को दिन के 11 बजे से होगा। समारोह में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में 'मिलेट मैन' के नाम से मशहूर पद्मश्री डॉ खादर वली बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, शासी निकाय के सदस्य अनंत जाटिया एवं राज्यसभा सांसद सह सदस्य, शासी निकाय डॉ प्रदीप कुमार वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मंगलवार को विवि परिसर में आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक एवं कुलपति प्रो सी जगनाथन ने दी।

प्रो जगनाथन ने इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय परिसर में भव्य तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने विवि के विजन और मिशन की चर्चा करते हुए एसबीयू में पाठ्यक्रम से इतर पाठ्येत्तर गतिविधियों का भी जिक्र किया। हैकथॉन प्रतियोगिता से लेकर क्रिकेट और योग में विवि को लगातार मिल रही सफलता को उन्होंने अतुलनीय बताया। उन्होंने भरोसा जताया कि अपने बेहतरीन शैक्षणिक माहौल और आधारभूत संरचनाओं के बूते एसबीयू आनेवाले दिनों में भी अनवरत झारखंड के पठन-पाठन का केंद्र बना रहेगा।

प्रो गोपाल पाठक ने अमेरिका के पांच शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ सरला बिरला विश्वविद्यालय के जुड़ने को विवि के इतिहास में मील का पत्थर करार दिया। विवि में पहली बार हाल ही में हुए ईस्ट जोन चेस चैंपियनशिप के सफल आयोजन की उन्होंने चर्चा करते हुए आनेवाले दिनों में इससे भी बड़े आयोजन की उम्मीद जतायी। उन्होंने जानकारी दी कि एनइपी 2020 के अनुरूप इस साल से विवि के विद्यार्थी अपने पाठ्यक्रम के अलावे अपने पसंदीदा कोर्स का चयन भी कर सकने में सक्षम होंगे। बिरला परिवार की परंपरा गुणवतापूर्ण शिक्षा की चर्चा करते हुए उन्होंने कैंपस के सख्त अनुशासन और विवादरहित माहौल पर बात की। एसबीयू के इस दीक्षांत समारोह में कुल 1664 डिग्री धारकों को प्रमाण पत्र सौंप जायेंगे। इसमें 43 स्वर्ण पदक विजेता भी शामिल होंगे, जिन्हें 'बसंत कुमार बिरला स्वर्ण पदक' से सम्मानित किया जायेगा। समारोह में पांच विद्यार्थियों को पीएचडी की डिग्री भी प्रदान की जायेगी।

# मलखंब के लिए झारखंड टीम का चयन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन और खेलकूद और युवा कार्य निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए झारखंड बालक-बालिका मलखंब टीम का चयन किया गया। टीम का चयन धुर्वा के सेक्टर-2 स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में हुआ। इस खुली चयन प्रतियोगिता में झारखंड राज्य से संबंधित सभी जिला इकाई के अतिरिक्त पूरे राज्य से लगभग 70 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। 10 से 30 अप्रैल तक 21 दिवसीय झारखंड मलखंब टीम का प्रशिक्षण शिविर दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे चलेगा। शिविर मलखंब टीम के मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक विवेक कुमार, दिव्या कुमारी, निखिल कुमार और खुशबू कुमारी की देखरेख में चलेगा। वहीं चयनित झारखंड टीम पांच से आठ मई तक बिहार के बोधगया में आयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम्स-2025 के तहत मलखंब प्रतियोगिता में भाग लेगी।

खेलो इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेने के झारखंड की बालक-बालिका मलखंब टीम तीन मई को बोधगया के लिए रवाना होगी। यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## हाइकोर्ट ने रांची नगर निगम के आदेश को किया निरस्त

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव की खंडपीठ ने मंगलवार को शहर के दो रूफ टॉप बार और रेस्टोरेंट के खिलाफ रांची नगर निगम (आरएमसी) की ओर से जारी नोटिस मामले में सुनवाई की। सुनवाई के बाद अदालत ने आरएमसी के आदेश को निरस्त कर दिया। अदालत ने कहा कि आरएमसी वैसे मामले में ही कार्रवाई कर सकती है, जिस संरचना से दुर्घटना की संभावना है। इस संबंध में ग्रीका किचन एवं बार और प्राना लाउंज ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। आरएमसी ने दोनों पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर रूफ टॉप बार एंड रेस्टोरेंट बंद करने का आदेश दिया था।**

# कुत्ते को गोली मारने के आरोप में युवक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के टाटीसिलवे इलाके में एक व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मार दी। गोली मारने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामले पर संज्ञान लिया और गोली मारने वाले व्यक्ति पर एफआइआर दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के अनुसार टाटीसिलवे इलाके में सड़क पर रहने वाला एक कुत्ता पागल हो गया था और हाल ही के दिनों में उसने कई लोगों को काट लिया था। कुत्ते की ओर से लगातार लोगों के काटने से परेशान एक व्यक्ति ने अपने लाइसेंसी हथियार से उसे गोली मार दी, जिससे कुत्ते की मौत हो गयी। जिस समय व्यक्ति ने कुत्ते को गोली मारी। इस दौरान किसी ने पूरी घटना का वीडियो बना लिया और वीडियो बनाने के बाद उसे पुलिस तक पहुंचा दिया। मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने गोली मारने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि एक कुत्ते को गोली मारने की सूचना मिली है। उससे संबंधित वीडियो भी पुलिस को उपलब्ध करवाया गया है। इसके आधार पर थाना प्रभारी को मामले में कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस ने आरोपी प्रदीप कुमार पांडेय को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में कानून के तहत कार्रवाई की जायेगी।





### श्री महावीर मंडल लालपुर ने चैती दुर्गा पूजा शोभायात्रा का किया स्वागत

# चैती दुर्गा पूजा भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ करती है : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री महावीर मंडल लालपुर के संरक्षक अजय राय अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने चैती दुर्गा पूजा के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा में शामिल भक्तों का स्वागत किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रांची के विधायक सीपी सिंह, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, पूर्व डिप्टी मेयर संजीव संजीव विजयवर्गीय, सूर्यभान सिंह सहित गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर मौजूद थे। कार्यक्रम का नेतृत्व महावीर मंडल लालपुर के अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि चैती दुर्गा पूजा न केवल हमारे धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रगाढ़ करने का माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को यह याद रखना चाहिए कि हमारी परंपराएं और धार्मिक आयोजन समाज में सामूहिकता को बढ़ावा देते हैं, जो समाज की मजबूती के लिए आवश्यक है। अजय राय और बजरंग वर्मा ने कहा कि चैती दुर्गा पूजा हमारी संस्कृति और धार्मिकता का अभिन्न हिस्सा है, और इस आयोजन के माध्यम से हम अपने समाज में एकता और सौहार्द का संदेश फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।



# श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी उत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को कामदा एकादशी उत्सव अत्यंत भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। प्रातः काल से भक्तों की भीड़ श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। इस अवसर पर प्रातः श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र (बागा) पहना कर कर फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। साथ ही मंदिर में विराजमान शिव परिवार एवं बजरंगबली का भी विशेष श्रृंगार किया गया। रात्रि 9 बजे श्री श्याम प्रभु के जयकारों के साथ पावन ज्योत प्रज्वलित की गयी। श्री श्याम मण्डल के सदस्यों द्वारा गणेश वंदना के साथ संगीतमय संकीर्तन की शुरुआत की गयी। हारा हूं बाबा पर तुझपे भरोसा है... जगत के रंग क्या देखूं तेरा दीदार काफी है... देता हरदम सांवरे हारे का तू साथ... आदि भजनों की लय पर भक्तगण झूम रहे थे। रात्रि 12 बजे महाआरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, गोपी किशन ढांढनियां, चंद्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, प्रियांश पोद्दार, मनोज ढांढनियां, नितेश केजरीवाल, विकास पाड़िया, अभिषेक डालमिया, अजय साबू, नितेश केजरीवाल का सहयोग रहा।



## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू में 'आरंभ' कार्यक्रम का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल बरियातू रांची में वाटिका की कक्षाओं में प्रवेश लिए विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के लिए अभिविन्यास (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम 'आरंभ' का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ तापस घोष ने अभिभावकों को अपने बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने पर बधाई दी और आश्वस्त किया कि विद्यालय का माहौल उन्हें एक बौद्धिक और जिम्मेदार नागरिक बनाने में सहायक होगा। शिक्षिकाओं द्वारा अभिभावकों को वाटिका के पाठ्यक्रम और गतिविधियों की जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में मेडिका अस्पताल की आहार विशेषज्ञ (डाइटिशियन) पृथा बोस ने बच्चों के पोषक आहार के नियमन की जानकारी दी, ताकि उनका समुचित शारीरिक और मानसिक विकास हो।

### अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन 24 और 25 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सिल्लीगुड़ी में

जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय आदिवासी सम्मेलन 24 और 25 अप्रैल को पश्चिम बंगाल के सिल्लीगुड़ी में होगा। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद की ओर से किया जा रहा है। इसकी तैयारी जोर-शोर से शुरू कर दी गयी है। अंतरराष्ट्रीय संथाल परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष नरेश मुर्मू ने बताया कि 24 अप्रैल को सम्मेलन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करेंगी। इस मौके पर वह सखुआ का पौधरोपण भी करेंगी।

### झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ ने रामभक्तों की सेवा की




रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड समाचार पत्र विक्रेता संघ रांची की ओर से रामभक्तों के बीच मेन रोड में चना, गुड़ एवं पानी इत्यादि का वितरण किया गया। इस दौरान प्रेस प्रतिनिधि की ओर से बाबू दा, संतोष वर्मा, शशिकांत शर्मा, रजनीश सिंह, मनीष कुमार, अनिल शर्मा, रविंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अनिल कुमार और एवं अभिकर्ता किशन चंद, मोहित सिंह, राजकुमार अनिल कुमार साहू, गंगा प्रसाद राय, अहमद अंसारी, गोरखनाथ सिंह, कृष्ण यादव, निलेश कुमार, गोलू कुमार, पुष्कर कुमार, सतीश कुमार, आयुष कुमार, विनय कुमार मौजूद थे।

### अब झारखंड में भी ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने का रास्ता खुला : राजेश गुप्ता



रांची (आजाद सिपाही)। सुप्रीम कोर्ट ने हाइकोर्ट (मध्यप्रदेश) के फैसले को सही ठहराया है, जिससे मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने का रास्ता साफ हो गया है। उपरोक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को मध्यप्रदेश में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण के फैसले पर बोल रहे थे। श्री गुप्ता ने कहा कि मध्य प्रदेश में ओबीसी को 27% आरक्षण का विरोध यूथ फॉर इक्वलिटी के संगठन कर रहा था। श्री गुप्ता ने कहा कि यह 2019 में ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देनेवाले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ और मध्य प्रदेश के ओबीसी संगठनों की जीत है। श्री गुप्ता ने कहा कि झारखंड प्रदेश में भी अब ओबीसी को 27 परसेंट आरक्षण देने का रास्ता खुल गया है। श्री गुप्ता ने गठबंधन की हेमंत सरकार से झारखंड में ओबीसी को 27 परसेंट अविलंब आरक्षण लागू करने की मांग की है। मांग करनेवालों में प्रदेश उपाध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह, दिलीप वर्मा, प्रोफेसर प्रेमनंदन मंडल, उमेश जायसवाल, संजय मेहता, महासचिव रामावतार कश्यप, अजय मेहता, राम लखन साहू, सुरेश ठाकुर, जयराम ठाकुर, प्रमोद कुमार सुग्रीव यादव, विष्णु कुमार, संतोष सोनी जगदीश साहू, कमलेश चौधरी, सुनील जायसवाल आदि का नाम शामिल हैं।

### पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान शुरू




हाजीपुर (आजाद सिपाही)। केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली की दस्तक योजना के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सुनीता सिंह के नेतृत्व में यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से दस्तक योजना बनायी गयी है, जो काफी लोकप्रिय है।

# लिटिल विंग्स स्कूल में नये सत्र का शुभारंभ




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बूटी मोड़ स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में नये सत्र 2025-26 का आरंभ बहुत ही हर्षोल्लास के साथ हुआ। नये सत्र में नामांकित सभी नये और पुराने विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। सभी विद्यार्थी भी एक अंतराल के बाद विद्यालय आकर बहुत प्रसन्न थे। विद्यालय प्रबंधक रमेंद्र कुमार और प्राचार्या नीता सिंह ने सभी को नये सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी में बनायें इंटरनल ग्रीवांस सेल : डॉ आशा लकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं के लिए इंटरनल ग्रीवांस सेल बनायें, जिसमें एक एसटी एवं एक महिला सदस्य हो ताकि विश्वविद्यालय में अनुसूचित जनजाति से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जा सके। मंगलवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी की समीक्षा के दौरान ये बातें राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य डॉ आशा लकड़ा ने कहीं। उन्होंने बताया कि कुल तीन चरणों में सेंट्रल यूनिवर्सिटी से संबंधित मामलों की समीक्षा की गयी। डॉ आशा लकड़ा ने बताया कि अजीत किसपोट्टा पूर्व में बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी में कार्यरत थे। वहां से स्थानांतरण होने के बाद उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी झारखंड में योगदान दिया। उनकी ग्रेच्युटी के लिए केंद्रीय सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से अकाउंट डिटेल नहीं भेजा जा रहा है। वहीं उन्होंने पाया कि कोरोना काल के दौरान डॉ वाटर वे का निधन हो गया था। उनके आश्रितों को अब तक अनुकंपा आधारित नौकरी नहीं मिली। इसी प्रकार नेहा जूनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत थीं। इनके निधन के बाद आश्रितों को न तो अनुकंपा के आधार पर नौकरी मिली और न ही अन्य लाभ। उन्होंने सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को तत्काल इन सभी मामलों में रिपोर्ट तैयार कर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग को भेजने का निर्देश दिया। मौके पर उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय स्तर पर नन टीचिंग स्टाफ के लिए कोई नियमावली नहीं बनायी गयी है। विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति की गयी है, लेकिन सहायक प्रोफेसर के पद खाली हैं। इसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के पद भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं की संख्या बेहद कम है। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को अनुसूचित जाति के छात्र-छात्राओं के नामांकन के लिए प्रचार-प्रसार कराने को कहा। ताकि संबंधित छात्रों को सेंट्रल यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्स और समय पर नामांकन से संबंधित जानकारी मिल सके।



### महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक

# स्टेशन पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मंगलवार को मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। इस बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे । बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रही यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की ।

बैठक के दौरान रेलवे ट्रैक के रख-रखाव को प्राथमिकता देने और एसेट्स फेल्योर में कमी लाने पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाने, विशेष संरक्षा ड्राइव चलाने और रेलवे ट्रैक पर कैटल रन ओवर/मैन रन ओवर को रोकने हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने हेतु सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित किया। बैठक के दौरान माल लदान एवं आय बढ़ाने हेतु नये वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कार्ययोजना बनाने पर विस्तृत चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने आरओबी/आरयूबी और स्टेशन पुनर्विकास कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।



# दपूरे के महाप्रबंधक ने 12 रेलवे कर्मचारियों को किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मंगलवार को एसइआर मुख्यालय, गार्डेन रीच में बारह रेलवे कर्मचारियों को उनके कर्तव्य के प्रति समर्पण, सुरक्षा जागरूकता और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों के रूप में सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया। सम्मानित किये गये 12 कर्मचारी हैंः कमलेश रे, वरिष्ठ मोटरमैन/ खड़गपुर, जोसेफ गरी, तकनीशियन-तीन/ सीएंडडब्ल्यू/ बामरा, कृष्ण चंद्र नायक, वरिष्ठ तकनीशियन/ सीएंडडब्ल्यू/झारसुगुड़ा, मिली सरकार, प्वाइंट्समैन-ए/बांकरा नयाबाज, पुष्पा सिंह, ट्रैक मेंटेनर-4/ श्यामचक, अनिल पांडेय, ट्रैक मेंटेनर-4/जलेश्वर, बिशाल बिस्वास, ट्रैक मेंटेनर-4/जलेश्वर, मो. सैफ अली खान, ट्रैक मेंटेनर-4/कोटशिला, अमन कुमार, ट्रैक मेंटेनर-4/हारुबेरा, उपेंद्र राम, ट्रैक मेंटेनर-4/झालिदा, रंजीत कुमार महतो, ट्रैक मेंटेनर-/तोरंग और कमल महतो, हेड कांस्टेबल/आरपीएफ/रांची। जिन कर्मचारियों को मंगलवार को सम्मानित किया गया है, उन्होंने दुर्घटनाओं या अन्य दुर्घटनाओं को टालने के लिए अनुकरणीय समर्पण दिखाया है। महाप्रबंधक, अनिल कुमार मिश्रा ने पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी और कहा कि ऐसा समर्पित कार्यबल हमेशा ट्रेन संचालन में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने में दक्षिण पूर्व रेलवे का समर्थन करता है।



### सुकुरहुटू रामनवमी डोल मेला में उमड़ी रामभक्तों की भीड़

# महामारी की घटना से जुड़ा है डोल मेला का इतिहास : हरिनाथ साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्री महावीर मंडल केंद्रीय पूजा समिति के तत्वावधान में 107वां रामनवमी डोल मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कांके क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार बैठा एवं उद्घाटन कर्ता रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी उपस्थित हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रमोद प्रसाद गुप्ता, जेएलकेएम के युवा नेता देवेंद्र महतो, सुषमा देवी, पार्वती देवी, अनिल बैठा, मनेष महतो, रणधीर कुमार चौधरी, पूजा कुमारी, सुनील बरियार, संजय महतो सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेता एवं कांके क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी शामिल हुए।

विधायक सुरेश बैठा ने मेला में राम भक्तों को संबोधित करते हुए कहा हम सभी को अपने जीवन में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र को व्यक्तिगत रूप से अपनाने की जरूरत है, कहा इससे व्यक्तिगत लाभ के साथ-साथ अच्छे समाज का निर्माण होगा।

पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने मेला आयोजकों को बधाई देते हुए मेले में शामिल सभी महावीर मंडल अखाड़ा धारी विजेता खिलाड़ियों को तलवार मोमेंटम और महावीरी झंडा देकर पुरस्कृत किया। उनके अलावे उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों ने भी में उपस्थित अखाड़ाधारी राम भक्तों को संबोधित किया और मेला में खिलाड़ियों द्वारा अखाड़े में लाठी, तलवार, भाला के साथ अस्त्र-शास्त्र प्रतियोगिता का अद्भुत खेल कौशल का प्रदर्शन कर लाखों की संख्या में उपस्थित राम भक्त दर्शकों का मनोरंजन कराया।

इस भव्य और ऐतिहासिक रामनवमी डोल मेला आयोजन के अध्यक्ष हरिनाथ साहू ने बताया कि 107 वर्ष पूर्व सुकुरहुटू गांव सहित कांके क्षेत्र में बहुत भयंकर महामारी हुई थी, उस समय अयोध्या से कुछ साधु संतों का आगमन गांव में हुआ था और उन्हीं के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का बाल स्वरूप में जन्मोत्सव का आयोजन कराया गया था। तब जाकर महामारी से क्षेत्र के लोगों को मुक्ति मिली थी तब से लेकर आज तक निरंतर इस डोल मेले का आयोजन अगल-बगल के दर्जनों गांव के साथ मिलकर सुकुरहुटू में होते आ रहा है।



**आयोजन में इनका रहा अहम योगदान**

हरिनाथ साहू, अजय बैठा, सुशील कुमार, प्रशांत बैठा, राजेश महतो, मनोज महतो, फुलेश्वर बैठा, उनिल महतो, विनोद साहू, सौरभ कुमार महतो, सिकंदर प्रजापति, मति महतो, गोविंद कुमार, अमन साहू, राधा नायक, मुकुल नायक, अनीता मुंडा, राम लखन मुंडा, रीना देवी मुंडा, बादल सिंह मुंडा, सुनीता देवी, संजीव महतो, मनेष महतो, रामकुमार दीपक, कमलेश महतो, गौरी शंकर महतो, शालिखराम महतो अभिषेक महतो, संजय लोहरा प्रदीप ठाकुर, अनूप लोहरा, शत्रुघ्न महतो, बलदेव साहू, रोबिन कुमार, रमेश प्रसाद साहू, कुंदन महतो, मनु कुमार साहू, नंदकिशोर महतो, वनिता मेहता, नेहा ठाकुर, अनीता तिर्की, अनीता ठाकुर, मीना देवी, अनीता अग्रवाल, शिखा देवी, मालती देवी, ललिता देवी, सविता देवी, रजनी देवी, सोनी दास गोस्वामी, आरती तिर्की, रूपाली राज सुषमा देवी, कंचन रानी, सुशीला देवी,उर्मिला देवी, दशमी देवी, बसंती देवी।

# श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट कार्यकारिणी समिति की घोषणा



**डूंगरमल अग्रवाल अध्यक्ष, मनोज चौधरी सचिव और सज्जन पाड़िया कोषाध्यक्ष बने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज ने श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट रांची की नयी कार्यकारिणी समिति सत्र 2025-27 की घोषणा की। कमेटी में ट्रस्ट के संरक्षक-स्वामी सदानंद महाराज, सह संरक्षक-विजय कुमार अग्रवाल एवं निर्मल छावनिका, अध्यक्ष-डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं निर्मल जालान, सचिव- मनोज कुमार चौधरी, सह सचिव- मनीष जालान एवं सुनील पोद्दार, कोषाध्यक्ष- सज्जन पाड़िया, सह कोषाध्यक्ष नंदकिशोर चौधरी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी- संजय सर्राफ बनाये गये हैं। कार्यकारिणी सदस्यों में पूरणमल सर्राफ, प्रेमचंद श्रीवास्तव, सुशील नारसरिया, शिव भगवान अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, वेंकट गाड़ोदिया, विष्णु सोनी, प्रभास गोयल, नवल किशोर अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, अरविंद अग्रवाल, विशाल जालान, सुरेश भगत एवं मनीष सोनी को शामिल किया गया है।

श्री कृष्णा प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा पुंदाग में श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में झारखंड का सबसे बड़े श्रीराधा-कृष्ण मंदिर, निराश्रितों के लिए सद्गुरु कृपा अपना घर आश्रम तथा गौशाला का कुशल संचालन किया जा रहा है। ट्रस्ट द्वारा अन्नपूर्णा सेवा, सामूहिक विवाह समारोह, स्वास्थ्य शिविर, कंबल वितरण, सहित अनेक जनसेवा के कार्यों, धार्मिक कार्यक्रमों एवं जनहित कल्याणकारी कार्यों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# श्री श्याम मंदिर में कामदा एकादशी मनायी गयी

## बाबा श्याम के साथ बालाजी महाराज को भी अनुपम रूप से सजाया गया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को कामदा एकादशी के अवसर पर मंदिर का पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। 5:30 बजे की मंगला आरती में नियमित दिनों के भक्तों के अतिरिक्त एकादशी दर्शनार्थी भक्तों का भी रेला लगा रहा। सुबह के श्रृंगार आरती 8:30 बजे के बाद भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिये गये। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाये गये लाल गुलाब, रजनीगंधा, तुलसीदल, लाल गेंदा फूल की मोटी-मोटी मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। मंगलवार का दिन होने से आज बालाजी महाराज को भी अनुपम रूप से श्रृंगार करके सजाया गया। 148वें श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा की अखंड ज्योति नरेश अग्रवाल पुष्पा अग्रवाल ने अपने परिवार के साथ प्रज्ज्वलित कर केसरिया पेड़ा, फल, चना, गिरीगोला चढ़कर बालाजी महाराज के समक्ष अपनी मनोकामना अर्जी लगायी। फल प्रसाद सेवा राजेश जायसवाल, चना सेवा श्रवण ढानढनिया, केसरिया पेड़ा सेवा पुष्पा देवी पोद्दार, गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल द्वारा निवेदित की गयी। इसके बाद नरेश अग्रवाल ने श्री रामचरितमानस का पूजा वंदन करके पाठ वाचक मनीष शर्मा ओम शर्मा को तिलक लगाया। सामूहिक रूप से इसके बाद सभी भक्तों ने बालाजी महाराज का हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ कर श्री सुंदरकांड के पाठ का गायन किया। सुंदरकांड पाठ के बाद ग्वाल आरती हुई। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया, मंत्री श्याम सुंदर शर्मा, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, सलज अग्रवाल सोनू, अनुज मोदी, अशोक शर्मा, साकेत ढांढनिया, किशन शर्मा, दिनेश अग्रवाल, रोशन खेमका, लोकेश जालान आदि ने बाबा के दरबार में भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन का समापन किया गया। नवीन पोशाक संध्याकालीन विशेष श्रृंगार केसरिया पेड़ा, पंचमेवा और फल की सेवा नरेश पुष्पा अग्रवाल, अभय कुमार, शिल्पी अग्रवाल के द्वारा रबड़ी प्रसाद सेवा, अन्नपूर्णा सरावगी गिरीगोला सेवा, मुकेश मित्तल मगही पान, सुभाष रौनक पोद्दार मुकेश बरनवाल द्वारा निवेदित की गयी थी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री, विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष, श्रवण ढानढनियां, मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू, मंत्री श्यामसुंदर शर्मा, कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया, उपमंत्री अनिल नारनौली, रतन शर्मा, राजेश कतारुका, वेदभूषण जैन आदि सैकड़ों भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगायी। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू ने दी।




# पंजाब ने चेन्नई को 18 रन से हराया

## प्रियांश आर्या का 39 बॉल पर शतक, शशांक की फिफ्टी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** चेन्नई सुपर किंग्स को आइपीएल 2025 में लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है। टीम को पंजाब किंग्स 18 रन से हराया। पंजाब को सीजन में तीसरी जीत मिली है।

मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में मंगलवार को 220 रन का चेज कर रही चेन्नई की टीम 20 ओवर में 5 विकेट पर 201 रन ही बना सकी। डेवोन कॉन्वे 49 बॉल पर 69 रन बनाकर रिटायर आउट हुए। एमएस धोनी ने 12 बॉल पर 27 रन बनाये। लॉकी फर्ग्यूसन को 2 विकेट मिले। टॉस जीत कर पहले बैटिंग कर रही पंजाब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 219 रन बनाये। पंजाब की ओर से प्रियांश आर्या ने 42 बॉल पर 103 रन बनाये। उन्होंने 39 बॉल पर शतक पूरा किया। प्रियांश के अलावा, शशांक सिंह 52 और मार्को यानसन 34 रन पर नाबाद रहे। खलील अहमद और रविचंद्रन अश्विन को 2-2 विकेट मिले।

**मैच के बाद प्वाइंट्स टेबल :** पंजाब ने इस सीजन में तीसरी जीत हासिल की है। 4 मैचों के बाद टीम के पास 6 अंक हैं। टीम चौथे स्थान पर है। चेन्नई लगातार चौथा मैच हारी है। टीम के पास 5 मैच के बाद 2 अंक हैं। सीएसके नौवें नंबर पर है।

### आइपीएल में सबसे तेज शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने प्रियांश आर्या



प्रियांश आर्या ने पहली बॉल पर सिक्स लगाया और उसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने केवल 39 बॉल पर सेंचुरी ठोक दी। अब वे आईपीएल इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज बन गये हैं। इतना ही नहीं, वे अब सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गये हैं। आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज शतक क्रिस गेल ने लगाया है। साल 2013 में उन्होंने पुणे वॉरियर्स के खिलाफ ये कारनामा किया था। साल 2010 में भारत के यूसुफ पठान ने केवल 37 बॉल पर शतक लगाया था। ये काम उन्होंने राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ किया था। प्रियांश आर्या ने 42 बॉल पर 103 रन बनाये और इसके बाद नूर अहमद का शिकार बने। इस पारी के दौरान प्रियांश ने 9 छक्के और 7 चौके लगाये, यानी उनका स्ट्राइक रेट 254.24 का रहा।

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार-2025

# अपने सफर की कहानी लिखें और इनाम पायें

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** भारतीय रेल आपके सफर की अनकही कहानियों को मंच देने जा रही है। यदि आपके पास रेल यात्रा का कोई यादगार अनुभव है, जिसे शब्दों में पिरोकर दुनिया के साथ साझा करना चाहते हैं, तो रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2025 आपके लिए सुनहरा अवसर है। इस प्रतियोगिता में भाग लें और आकर्षक नकद पुरस्कार जीतें।

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी में मौलिक और रोचक यात्रा वृत्तांत लिखने वाले प्रतिभागियों को 10,000 (प्रथम पुरस्कार), 8,000 (द्वितीय पुरस्कार), 6,000 (तृतीय पुरस्कार) और पांच प्रेरणा पुरस्कार (प्रत्येक 4,000) रुपये दिये जायेंगे।

आपकी कहानी 3000 से 3500 शब्दों के बीच होनी चाहिए, जिसे डबल स्पेस में टाइप किया गया हो और प्रत्येक पृष्ठ पर क्रम संख्या अंकित हो। कुल शब्दों की संख्या भी स्पष्ट रूप से लिखी जानी चाहिए। साथ ही, अपने वृत्तांत के साथ एक अलग पृष्ठ पर अपना नाम, पदनाम, आयु, पता, मातृभाषा, मोबाइल नंबर और इ-मेल जरूर भेजें। यदि आप सरकारी सेवा में हैं, तो आपको प्रमाणित करना होगा कि आपके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक मामला लंबित नहीं है। अन्य प्रतिभागियों को यह पुष्टि करनी होगी कि उनके विरुद्ध कोई आपराधिक मामला विचाराधीन नहीं है। साथ ही, सभी प्रतिभागियों को यह घोषणा करनी होगी कि उनकी रचना मौलिक है और इसे पहले किसी अन्य प्रतियोगिता में पुरस्कृत नहीं किया गया है। अपने शब्दों से अपनी रेल यात्रा के जादू को जीवंत करें और अपने लेखन के से दें उसे नया आकार। अपनी प्रविष्टि दो प्रतियों में 31 जुलाई, 2025 तक दिये गये पते पर भेजें:

सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर-316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आइटीओ, नयी दिल्ली - (110002)।

# झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 को

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 13 अप्रैल को होगा। चुनाव सुबह नौ बजे से कराया जायेगा। यह चुनाव संस्था के प्रांत अध्यक्ष के चयन के लिए सत्र 2025-27 के लिए दो वर्षों के लिए होगा, जो झारखंड के 23 ज़िलों और पांच अनुमंडलों में कराया जायेगा। यह जानकारी चुनाव के लिए संस्था की ओर से बनाये गये मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी ने मंगलवार को दी। सरावगी ने बताया कि चुनाव की सफलता और के लिए सहचुनाव पदाधिकारी के रूप में राजकुमार मारू, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित को मनोनीत किया गया है। चुनाव समिति की देखरेख में चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। उल्लेखनीय है कि संस्था के प्रांत अध्यक्ष का चुनाव सत्र 2025-27 के लिए रांची से दो उम्मीदवारों बसंत कुमार मित्तल और सुरेश चंद्र अग्रवाल ने नामांकन दर्ज किया है। दोनों उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। प्रांतीय अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए संस्था के कुल 5106 मतदाता हैं, जो संस्था में विशिष्ट संरक्षक सदस्य, संरक्षक सदस्य और आजीवन सदस्य हैं।

# आजसू नेता के श्राद्धकर्म में केरेडारी पहुंचे सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश महतो मंगलवार को पार्टी के नेता भूपल साव के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए हजारीबाग जिले के केरेडारी स्थित बेंगवरी गांव पहुंचे और पार्टी नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों आजसू पार्टी के रांची के रातु प्रखंड के उपाध्यक्ष भूपल साव की पंडरा में नृशंस हत्या कर दी गयी थी। वहीं सुदेश के साथ भाजपा विधायक रोशन लाल चौधरी, आजसू पार्टी के विधायक निर्मल महतो, प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, संजय मेहता, भरत कांशी, चिंटू मिश्रा, विजय साहू सहित अन्य ने श्रद्धांजलि अर्पित की और भूपल साव के परिजनों को ढांढस बंधाया।

# त्योहारों के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर उपायुक्त ने जताया आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची एक बार फिर सामाजिक सौहार्द्र और सांस्कृतिक एकता की मिसाल बन गयी। वर्ष 2025 में होली, ईद, सरहुल, छठ, चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी जैसे विविध त्योहारों को रांचीवासियों ने न केवल श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया, बल्कि एक-दूसरे के पर्वों में सहभागी बनकर भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश की।

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मंगलवार को बताया कि जिला प्रशासन की सूझबूझ, समन्वय और सजगता ने इन सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और भव्य रूप से संपन्न कराने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने त्योहारों के शांतिपूर्ण संपन्न होने पर सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से लेकर स्वच्छता, प्रकाश, चिकित्सा और तकनीकी निगरानी तक, हर पहलू को बारीकी से संभाला गया। शांति समितियों की सक्रियता, सोशल मीडिया की सतर्क निगरानी और संवेदनशील स्थलों पर पुलिस बल की तैनाती ने पर्वों के उल्लास को निर्बाध बनाये रखा। इन आयोजनों से पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उच्च स्तरीय बैठकों में अधिकारियों को असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखने और अफवाहों पर रोक लगाने के निर्देश दिये थे, जिसका क्रियान्वयन धरातल पर साफ दिखाई दिया।

उन्होंने कहा कि होली, ईद पर विभिन्न समुदायों की मौजूदगी ने भाईचारे को और मजबूत किया। आदिवासी संस्कृति का प्रतीक सरहुल पर्व अपनी शोभायात्राओं और लोक उल्लास के साथ मनाया गया। चैती दुर्गा पूजा और रामनवमी के भव्य जुलूसों ने रांची की सड़कों को भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। प्रशासन ने इस सहयोग के लिए महावीर मंडल, श्रृंगार समिति, तपोवन मंदिर समिति, डोरंडा और महानगर महावीर मंडल, केंद्रीय सरना समिति और सेंट्रल मोहर्रम कमेटी सहित सभी धार्मिक-सामाजिक संगठनों को आभार और बधाई दी। इस क्रम में पुलिस बल, नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग और अन्य प्रशासनिक इकाइयों के सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को भी उनके कर्तव्यनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद और शुभकामनाएं दी। वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने त्योहारों को सौहार्द्र और आपसी भाईचारे से मनाने के लिए सभी को धन्यवाद और आभार जताया है।

# महावीर मंडल ने जताया श्रद्धालुओं का आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री महावीर मंडल (केंद्रीय समिति) रांची ने श्री रामनवमी महोत्सव के भव्य आयोजन के लिए राम भक्तों के प्रति आभार जताया है। मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव, मंत्री सुभाष कुमार साहू, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ने राम भक्तों को रामनवमी महोत्सव की सफलता, शोभायात्रा के सफल संचालन, अलौकिक झांकियां सहित अस्त्र-शस्त्र की प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए शोभा यात्रा में शामिल सभी झंडाधारियों के प्रति भी आभार प्रकट किया। मौके पर जय सिंह यादव ने कहा कि राम भक्तों के सहयोग से निकाली जाने वाली शोभायात्रा ऐतिहासिक शोभायात्रा थी। उन्होंने मौके पर शोभायात्रा के स्वागत में अपनी सेवा देनेवाले सभी समितियों, अखाड़ा, सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के संग व्यापारिक संस्थाओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं ने जगह-जगह राम भक्तों को प्रसाद की सेवा, चना, बुंदिया, जल, शरबत, टॉफी, फ्रूटी सहित फल की सेवा देने के कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की। साथ ही संस्था की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची के उपायुक्त, सीनियर एसपी, सिटी एसपी, ट्रैफिक एसपी, सहित सदर अनुमंडल पदाधिकारी संग स्थानीय थाना के सभी थाना प्रभारियों के प्रति भी आभार जताया।

# चरही घाटी में ट्रकों और बस की टक्कर में 2 की मौत, कई घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हजारीबाग।** रामगढ़-हजारीबाग मार्ग पर स्थित चरही घाटी में मंगलवार को एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें दो ट्रकों और एक यात्री बस की टक्कर हो गयी। इस हादसे में अब तक दो लोगों की जान जा चुकी है, जिनमें बस चालक भी शामिल है, जबकि कई यात्री गंभीर रूप से घायल बताये जा रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, हादसे की शुरूआत एक ट्रक के पलटने से हुई। इसके कुछ ही पल बाद पीछे से आ रहे दूसरे ट्रक ने उस ट्रक में टक्कर मार दी। फिर उसी दिशा से तेज रफ्तार में आ रही राजहंस कंपनी की यात्री बस, जो रामगढ़ से हजारीबाग की ओर जा रही थी, अनियंत्रित होकर दूसरे ट्रक से जा भिड़ी।

हादसा इतना भयानक था कि बस के अगले हिस्से को काफी नुकसान पहुंचा और मौके पर ही कई लोगों की जान चली गयी। बस में सवार कुछ बच्चे भी हादसे की चपेट में आये हैं। घायलों को पास के अस्पतालों में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है। प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है और हादसे की जांच के आदेश दिये गये हैं।

# झारखंड में तीन दिनों तक वज्रपात और तेज हवा का येलो अलर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** राज्य में अगले तीन दिनों तक गर्जन, वज्रपात और तेज हवा चलने का अलर्ट मौसम विभाग की ओर से जारी किया गया है। नौ अप्रैल को झारखंड के दक्षिण, मध्य और उत्तर-पूर्वी जिलों में कहीं कहीं गर्जन और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की आशंका है। मौसम विभाग ने इस संबंध में येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं पूर्वी-मध्य और निकटवर्ती उत्तरी मध्य भागों में कहीं कहीं गर्जन और ओलावृष्टि होने की आशंका है। साथ ही 30-40 किमी की गति से हवा चलने की आशंका है।

10 अप्रैल को पूर्वी, मध्य और निकटवर्ती उत्तरी-मध्य हिस्सों में गर्जन और ओलावृष्टि होने को लेकर मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। साथ ही राज्य के दक्षिणी-मध्य और उत्तर-पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं गर्जन और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसके अलावा उत्तर-पश्चिमी भागों में भी गर्जन और 30-40 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है।

वहीं 11 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पश्चिम भागों को छोड़कर शेष हिस्सों में गर्जन और 40-50 किमी की गति से तेज हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तर-पश्चिम के हिस्सों में भी गर्जन और तेज हवा चलने को लेकर ऑरेन्ज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं मंगलवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा। लेकिन तापमान बढ़ने से अधिक गर्मी का एहसास हुआ।

रांची में अधिकतम तापमान 37.5, जमशेदपुर 37.0, डालटेनगंज में 41.0, बोकारो में 38.1 और चाइबासा में अधिकतम तापमान 39.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 55 date 28.03.2025, I Ravindra Sharma, resident of village - Parsanwa, Po.+ Ps.- Panki, Naudiha, Panki, Palamu, Jharkhand - 822122, do solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am indian Citizen and resident of above Mentioned.
2. That Shital Kumari Is my Daughter, whose date of birth is 04/02/2012.
3. That Aadhar Card Has been issued to her in which her name has been receded as Supriya Kumari in place of Shital KumariVide Aadhar No. 6874 8857 8617 4. That i need Corrction of my daughters name in her Aadahr Card like this. From Supriya Kumari to Shital Kumari hence it is neccesary to take oath hence this. swon & signed on this the 20th day of march, 2025 ar Ranchi.

## AFFIDAVIT

As per Affidavit Ref. No. 983 date 11.03.2025, I, Archana Kumari D/o Chandrama Sharma, Resident of Ward No.6, Vill.- Ghatahua Kalan, Po- Lamari Kala, Ps.-Kandi, District- Garhwa, Jharkhand- 822120 do hereby solemnly affirm and declare that the statements made aksvaxara hereinbelow are true to the best of my knowledge and belief;
1. That I am Citizen of india.
2. That I am living at my above mentioned address.
3. That my name is ARCHNA KUMARI, mentioned in my previous Aadhar vide Aadhar No. 3069 1008 9060
4. That i have change my Name Archana Kumari and have kept a new SANJANA KUMARI, which is mentioned in my present Aadhar No. 3069 1008 9060. and Martric * 12th Certificates.
5. That my name ARCHNA KUMARI in my documents and all places. and both name is same and one person which is my name
6. That my statement furnished above are true, i will be fully responsible for any kind of wrong.

# बाजार में डर

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर की वजह से वैश्विक मंदी के डर के साथ दुनिया भर में अनिश्चितता का माहौल है। अमेरिकी शेयर बाजार इस कदर खौफजदा है कि पिछले हफ्ते वहां का बेंचमार्क इंडेक्स एस&पी 500 9.1% गिर गया, जो मार्च 2020 में कोरोना वायरस की दहशत के बाद सबसे बड़ी साप्ताहिक गिरावट है। एस&पी 500 इस साल फरवरी के पीक से 17% से अधिक गिर चुका है। 20% से अधिक गिरावट आने पर बाजार मंदी में चला जाता है।

**मार्केट में दहशत :** इसका असर सोमवार को दुनिया के दूसरे बाजारों पर भी दिखा। हॉन्गकॉन्ग में बेंचमार्क इंडेक्स 12% से नीचे बंद हुआ, तो ताइवान का बाजार 10% नीचे। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स करीब 8% फिसल गया, जबकि दक्षिण कोरिया 5% से नीचे बंद हुआ। भारत में बेंचमार्क इंडेक्स निफ्टी 3% से अधिक फिसला, वह भी तब जबकि इसमें पिछले साल अक्टूबर से ही गिरावट आ रही है।

**पॉवेल से मदद नहीं :** अमेरिका में दशकों से यह ट्रेंड रहा है कि जब भी निवेशक संकट में होते हैं, वहां का केंद्रीय बैंक किसी न किसी तरह की मदद करता आया है, लेकिन इस बार ऐसे कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चीफ जेरोम पॉवेल ने पिछले शुक्रवार को कहा कि अमेरिकी टैरिफ अनुमान से अधिक हैं और उसका अर्थव्यवस्था पर क्या असर होगा, यह समझने में वक्त लगेगा। यानी केंद्रीय बैंक की ओर से कोई मदद नहीं मिलने जा रही।

> **ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।**

**स्टीमुलस से आशा :** ट्रंप के टैरिफ का दुनिया के दूसरे देशों पर क्या असर होगा, इसका अंदाजा लगने में भी वक्त लगेगा। इसलिए मार्केट के जानकार फिलहाल निवेशकों को इस अनिश्चितता के दूर होने का इंतजार करने की सलाह दे रहे हैं। ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से बताया कि चीन में अमेरिकी टैरिफ के असर से इकॉनमी को बचाने के लिए शी चिनफिंग सरकार स्टीमुलस पैकेज लाने की सोच रही है।

**ज्यादा असर नहीं :** भारत में हाल की तिमाहियों में कंजम्पशन डिमांड पर दबाव दिखा था, जिसमें इधर रिकवरी के संकेत मिले हैं और आने वाले वक्त में इसमें और सुधार होने की उम्मीद है। दूसरी बात यह है कि ट्रंप के टैरिफ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर बहुत असर नहीं होगा और इसके असर से बचने के लिए भारत सरकार अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत कर रही है। भारत पर टैरिफ भी दूसरे एशियाई देशों की तुलना में कम लगा है।


**डिमांड मजबूत होगी :** यहां कुछ दिनों में रिजर्व बैंक की ओर से ब्याज दरों में कटौती की भी उम्मीद है। सरकार के बजट में 12 लाख की आय पर टैक्स छूट और ब्याज दरों में कमी से भी डिमांड को मजबूती मिल सकती है। फिर भी, निवेशकों को जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहिए।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2025 में केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है।**

# भविष्य के लिए तैयार स्टार्टअप इकोसिस्टम की ओर

**रोहित कुमार सिंह**




हाल ही में स्टार्टअप महाकुंभ में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गयी टिप्पणी भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम की समयोचित और आवश्यक आलोचना प्रस्तुत करती है। इस क्षेत्र के अंतर्गत हुई उल्लेखनीय प्रगति और नवाचार को स्वीकारते और उसकी सराहना करते हुए श्री गोयल ने स्टार्टअप्स से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान खाद्य वितरण और हाइपर-फास्ट लॉजिस्टिक्स जैसे कम मूल्य वाले उपक्रमों से हटा कर सेमीकंडक्टर, रोबोटिक्स और डीप-टेक जैसे उच्च प्रभाव वाले क्षेत्रों पर केंद्रित करें। आत्मविश्लेषण का यह आह्वान न केवल जायज है, अपितु भारत के उद्यमशील परिदृश्य की दीर्घकालिक स्थिरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक भी है।

**सफलता की गाथा** – भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम ने अविवादित रूप से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। 2025 में केवल पहली तिमाही में ही स्टार्टअप्स ने 2.5 बिलियन डॉलर जुटाये, जो पिछले वर्ष की तुलना में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। स्टार्टअप्स के वित्त पोषण के मामले में देश अमेरिका और ब्रिटेन के बाद दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसके अतिरिक्त, आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) गतिविधि में वृद्धि हुई है, इस वर्ष 23 स्टार्टअप्स पब्लिक लिस्टिंग की तैयारी कर रहे हैं, जो भारतीय नवाचार में निवेशकों के विश्वास को दर्शाता है। इसके अलावा, टियर 2 और टियर 3 शहर कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा में स्थानीय चुनौतियों से निपटते हुए उद्यमशीलता से संबंधित गतिविधि केंद्रों के रूप में उभर रहे हैं। यह विकेंद्रीकरण एक आशाजनक प्रवृत्ति है, जो इकोसिस्टम की समावेशिता और उसकी संभावनाओं को रेखांकित करती है।

> **भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्णायक मोड़ पर है।**

**श्री गोयल द्वारा रेखांकित चुनौतियां** - इन उपलब्धियों के बावजूद श्री गोयल की आलोचना उन महत्वपूर्ण कमियों की ओर इंगित करती है, जिन्हें दूर किए जाने की आवश्यकता है। अनेक स्टार्टअप्स डीप-टेक जैसे परिवर्तनकारी क्षेत्रों में नवाचार करने के बजाय मौजूदा व्यवसाय मॉडल की नकल करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उदाहरण के लिए, यद्यपि चीनी स्टार्टअप्स सेमीकंडक्टर और इवी प्रौद्योगिकियों में वैश्विक स्तर पर अग्रणी हैं, वहीं भारतीय स्टार्टअप्स अक्सर किराने के सामान की तत्काल डिलीवरी या विशिष्ट उपभोक्ता उत्पादों को प्राथमिकता देते हैं। इस दृष्टिकोण से सीमित दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य वाले व्यवसायों का सृजन होने का खतरा है। श्री गोयल ने प्रतिभा पलायन या ब्रेन ड्रेन के बारे में भी चिंता जाहिर की, जहां नवोन्मेषी विचारों को कम कीमत पर विदेशी कंपनियों को बेचा जाता है। घरेलू नवाचार के लिए मजबूत समर्थन के बिना, भारत के समक्ष अपनी बौद्धिक पूंजी को अपने वैश्विक प्रतिस्पर्धियों के लिए गवां देने का जोखिम मौजूद है।

**आत्मविश्लेषण और जवाबदेही** - मंत्री महोदय का यह वक्तव्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में कही जाने वाली सामान्य बातों से हट कर एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने बिना किसी लाग-लपेट के अपनी बात को स्पष्ट रूप से रखने का विकल्प चुना। उनकी इस स्पष्ट आलोचना को निंदा के रूप में नहीं, बल्कि भारत के प्रतिभाशाली युवाओं के लिए रचनात्मक चुनौती के रूप में उन्हें सौम्य रूप से प्रेरित किये जाने के रूप में देखा जाना चाहिए।

स्टार्टअप इकोसिस्टम के भीतर आत्मविश्लेषण और जवाबदेही की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में वरिष्ठ मंत्रियों के ऐसे वक्तव्य महत्वपूर्ण हैं। यद्यपि यूनिकॉर्न वैल्यूएशन और वित्त पोषण संबंधी उपलब्धियों को लेकर मिल रही प्रशंसा का आनंद लेना आसान है, लेकिन वास्तविक प्रगति प्रणालीगत खामियों को दूर करने और दीर्घकालिक आर्थिक मूल्य बनाने वाले व्यवसायों का निर्माण करने में निहित है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार करने और अपने प्रयासों को राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित करने की चेतावनी का कार्य करती है। भारत के स्टार्टअप समुदाय को इस तरह के नेतृत्व का स्वागत करना चाहिए - जो यथास्थिति को चुनौती देने और सार्थक नवाचार के लिए प्रेरित करने से भयभीत नहीं होता। इस विजन को अपनाते हुए भारतीय उद्यमी अपनी प्रतिभा का लाभ उठाते हुए इस स्थिति से सफलतापूर्वक निपट सकते हैं।

**डीप-टेक क्यों महत्वपूर्ण है** - आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ), रोबोटिक्स और सेमीकंडक्टर जैसे डीप-टेक उद्योग आर्थिक विकास और तकनीकी नेतृत्व को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वैश्विक स्तर पर, ये क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से लेकर विनिर्माण तक के उद्योगों के भविष्य को आकार दे रहे हैं। फिर भी, भारत में डीप-टेक में केवल लगभग 1,000 स्टार्टअप हैं। इस आंकड़े को श्री गोयल ने परेशान करने वाला करार दिया है।

**डीप-टेक में निवेश करने से अनेक लाभ मिलते हैं :** आर्थिक मूल्यः उच्च तकनीक वाले उद्योग कम कौशल वाले क्षेत्रों की तुलना में प्रति कर्मचारी अधिक राजस्व उत्पन्न करते हैं।

**वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता:** एआइ और रोबोटिक्स में नवाचार भारत को अत्याधुनिक तकनीकों में अग्रणी बनाता है।

**स्थिरता :** अल्पकालिक उपक्रमों के विपरीत, डीप-टेक समाधान प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान करते हैं और स्थायी प्रभाव उत्पन्न करते हैं।

**मजबूत इकोसिस्टम ही सफलता का मार्ग है :** अधिक प्रभावशाली स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए श्री गोयल के विजन को साकार करने के लिए अनेक तरह के कदम उठाने की आवश्यकता है।

**डीप-टेक फंडिंग को प्रोत्साहित करना :** यद्यपि लेट-स्टेज फंडिंग प्रमुख होती है (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही में 1.8 बिलियन डॉलर), लेकिन डीप-टेक में शुरूआती चरण के निवेश को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सीआइआइ और फिक्की जैसे उद्योग निकाय नवाचार-प्रेरित स्टार्टअप्स के लिए समर्पित कोष बना कर महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**नीतिगत समर्थन :** एंजल टैक्स को खत्म करने जैसे हाल के सुधारों ने निवेशकों का विश्वास बढ़ाया है। उच्च तकनीक वाले क्षेत्रों में अनुसंधान और विकास के लिये और प्रोत्साहन विकास को गति दे सकते हैं।

**बौद्धिक संपदा (आइपी) को बढ़ावा देना:** स्टार्टअप्स को वैश्विक मॉडल अपनाने के बजाय आइपी-संचालित समाधान बनाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। यह बदलाव भारतीय नवाचारों का वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बना रहना सुनिश्चित करेगा।

**टियर 2 और टियर 3 शहरों का लाभ उठाना :** भारत का उदय ग्रामीण जरूरतों के अनुरूप डीप-टेक समाधानों के माध्यम से स्थानीय चुनौतियों का समाधान करने का अवसर प्रस्तुत करता है।

**शिक्षा जगत के साथ सहयोग :** स्टार्टअप्स के साथ अनुसंधान साझेदारी को बढ़ावा देकर विश्वविद्यालय गहन तकनीकी नवाचार के लिए इनक्यूबेटर के रूप में काम कर सकते हैं।

**विकास और उद्देश्य में संतुलन कायम करना :** भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम निर्णायक मोड़ पर है। हालांकि यह रिकॉर्ड-तोड़ निवेश और वैश्विक स्तर पर ध्यान आकर्षित करना जारी रखे हुए है, लेकिन इसकी दीर्घकालिक सफलता उद्यमशीलता के प्रयासों को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के साथ संरेखित करने पर निर्भर करती है। श्री गोयल की टिप्पणियां संस्थापकों और निवेशकों दोनों के लिए समान रूप से अपनी रणनीतियों पर पुनर्विचार करने की चेतावनी देने का काम करती है। आगे का रास्ता उपभोक्ता-केंद्रित उद्यमों को छोड़ने में नहीं, बल्कि उन क्षेत्रों में सार्थक बदलाव लाने वाली विविधताओं को लाने में है - भले ही वह एआइ-संचालित हेल्थकेयर डायग्नोस्टिक्स के माध्यम से हो या टिकाऊ इवी प्रौद्योगिकियों के माध्यम से। ऐसा करके, भारतीय स्टार्टअप्स न केवल वैश्विक बाजारों पर पकड़ बना सकते हैं, बल्कि घरेलू आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। अंत में पीयूष गोयल की आलोचना किसी तरह का आरोप लगाना नहीं, बल्कि एक प्रकार का आमंत्रण है - अल्पकालिक लाभ से आगे बढ़कर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाने का आमंत्रण जो देश की अर्थव्यवस्था और समाज को वास्तव में बेहतर बनाता है। जैसे-जैसे भारत आशावाद और दृढ़ता के साथ 2025 में आगे बढ़ रहा है, यह आत्मविश्लेषण नवाचार-संचालित विकास की अगली लहर के लिए उत्प्रेरक हो सकता है।

**(लेखक राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के सदस्य और भारत सरकार के पूर्व सचिव हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने शहीद मंगल पांडेय को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** ब्राह्मण युवा शक्ति संघ ने देश के प्रथम स्वतंत्रता सेनानी शहीद मंगल पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। मंगलवार को संघ के सदस्यों ने साकची स्थित वृद्धा आश्रम (आशीर्वाद भवन) में बुजुर्गों संग शहीद मंगल पांडेय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा भाव से श्रद्धांजलि दी।मौके पर वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के बीच फल वितरण कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।संघ के अध्यक्ष अप्पू तिवारी ने कहा भारत देश उनके सपनों और संकल्पों से बना था,लेकिन आज चुनौतियों से घिरा हुआ है। ऐसे में हम सभी युवा को उनके विचारों को समाज में जीवित रखने व उनके अधूरे संकल्पों को पूरा करने की जरूरत है। उन्होंने कहा फिलहाल ब्राह्मण युवा शक्ति संघ शहीद मंगल पांडेय के पदचिन्हों पर चलने का निरंतर प्रयास कर रही है।वही समाज के वरिष्ठ सदस्य सह समाजसेवी पंडित डीडी त्रिपाठी ने कहा संघ का यह प्रयास सराहनीय है।कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में देशभक्ति, सेवा और सम्मान की भावना को जाग्रत करना तथा शहीद मंगल पांडेय के बलिदान को स्मरण करना। संघ भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करता रहेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता हरिकिशोर तिवारी, पंडित मुन्ना चौबे, पंडित डीडी त्रिपाठी, अंजनी पांडेय, रविशंकर तिवारी, संतोष जोशी, सीपी शुक्ला, सुनील शर्मा, अंकित आनंद, श्याम तिवारी, अरुण शुक्ला, अशोक कुमार राय, आलोक दुबे, सुशील पांडेय, श्याम झा, मनमन पांडेय, कुलदीप ओझा सहित अन्य सम्मानित सदस्य मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन ने मार्च माह में सेवानिवृत्त हुए 22 कर्मचारियों के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया। मंगलवार को आयोजित समारोह में महामंत्री आरके सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मियों को शॉल और स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया। वहीं सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा किया। महामंत्री सिंह ने कहा सेवानिवृत्त कर्मी अब भी यूनियन परिवार का हिस्सा हैं। उन्होंने शिक्षा, बेटियों की सहायता और डिप्लोमा के लिए यूनियन की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश विश्वकर्मा और धन्यवाद ज्ञापन अनिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर कर्मियों में उत्तम चंद्र कर, कन्हाई सोरेन, मीर नुरूल अहमद, सुशील कुमार तुबिद, अजीज खान सहित अन्य को सम्मानित किया गया।

## चांडिल पुलिस ने लूटकांड को किया विफल

# स्कॉर्पियो सहित एक अपराधी गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चांडिल।** सरायकेला खरसावां जिले के एसपी मुकेश कुमार नुलायत के निर्देश पर चांडिल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्कॉर्पियो लूटकांड की घटना को दो घंटे में विफल कर दिया। चांडिल थाना क्षेत्र के बारीगोड़ा से स्कॉर्पियो लूटकर भाग रहे अपराधियों को पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए 2 घंटे में तमाड़ थाना क्षेत्र से बरामद कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी समीर अंसारी के पास से लूटे गये सफेद रंग का स्कॉर्पियो (डब्ल्यू 56 यू 8309), दो नंबर प्लेट और एक मोबाइल फोन बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। फरार अपराधी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिनाह ने बताया आरोपी स्कॉर्पियो को पुरुलिया से जमशेदपुर के मानगो जाने के लिए भाड़े पर लिया था। रास्ते में एनएच33 पर बीरीगोड़ा के पास चालक के साथ मारपीट कर वाहन लूट लिया। सूचना मिलते ही एसपी के निर्देश पर विशेष टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन और आरोपी को बरामद कर लिया। उन्होंने कहा पुलिस की तत्परता से एक बड़ी आपराधिक घटना को समय रहते विफल किया गया। इससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आम जनता में विश्वास मजबूत हुआ। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार बिनाह के साथ चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन विरुवा,चौका थाना प्रभारी बजरंग महतो, इचागढ़ थाना प्रभारी विक्रमादित्य पांडेय, तिरुलडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार सहित पंचम जॉर्ज बारला, अजीत मुंडा एवं सशस्त्र बल शामिल रहे।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनीं समस्याएं, कार्रवाई के दिये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर जिला मुख्यालय समाहरणालय कक्ष में जनता दरवार लगाया गया। मंगलवार को जनता दरबार में डीसी ने 50 से अधिक लोगो की समस्याएं सुनीं। मौके पर ही संबंधित विभागों को समयबद्ध व जिम्मेदारीपूर्वक समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जनता दरवार में मिली शिकायतों में जाति प्रमाण पत्र, भूमि विवाद, विद्युत व जलापूर्ति, स्कूल और कॉलेज में नामांकन, आर्म्स लाइसेंस सहित विभिन्न जनहित के मुद्दे शामिल रहा। डीसी ने अधिकारियों को सभी मामलों की भौतिक जांच कर प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित करने और उसकी रिपोर्ट कार्यालय को सौपने का निर्देश दिया। डीसी ने सभी अधिकारी को पारदर्शिता व उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने की अपील की।

# उपायुक्त ने रिकॉर्ड संधारण में पारदर्शिता पर दिया बल

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जिले के डीसी अनन्य मित्तल ने विभिन्न कार्यालयों में निरीक्षण के उपरांत दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा बैठक की। बैठक में आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, स्टॉक रजिस्टर के ससमय और सुव्यवस्थित संधारण को अनिवार्य बताया। डीसी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कार्यों में पारदर्शिता रखें,आगंतुकों को सही जानकारी दें। नियमबद्ध एवं व्यवहार कुशल रहें ताकि प्रशासन की सकारात्मक छवि बनी रहे।

# बाबा मुक्तेश्वरधाम घाट पर होगा एचडीपीइ फ्लोटिंग डेक का निर्माण : संजीव सरदार

**पर्यटन मंत्री सुधीर कुमार सोनू को विधायक ने सौंपा मांग पत्र**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर/ पोटका।** झारखंड सरकार के पर्यटन,कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य मंत्री सुधीर कुमार सोनू से पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुलाकत की। मंगलवार को मंत्री से मुलाकात के दौरान विधायक ने बाबा मुक्तेश्वरधाम (हरिणा) और रांकिनी मंदिर (जादूगोड़ा) में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु एक मांग पत्र सौंपा। मौके पर विधायक ने कहा पोटका विधानसभा क्षेत्र में धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों की विकास के लिए मंत्री को मांग पत्र सौपा गया। मांग पत्र के माध्यम से बाबा मुक्तेश्वरधाम तालाब में फव्वारा की स्थापना, घाट पर एचडीपीई फ्लोटिंग डेक का निर्माण,तालाब और मंदिर परिसर में स्ट्रीट लाइट अधिष्ठान के लिए आग्रह किया गया। ताकि क्षेत्र का तेजी से विकास हो सके। श्री सरदार ने कहा मुक्तेश्वरधाम झारखंड, बंगाल और उड़ीसा के लाखों श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र है। जहां सरहुल, दिशुवा मेला और सावन के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। वर्तमान समय में श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त रोशनी व सुविधाओं की कमी है। विधायक ने कहा रांकिनी मंदिर परिसर पिकनिक और धार्मिक आयोजनों के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रकाश व्यवस्था की कमी महसूस होती है। विधायक ने कहा इन सभी मांग पूरी होने से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिलेगी।उधर जानकारी मिलने पर विधायक की पहल का स्थानीय ग्रामीणों ने जमकर सराहना की। उन्होंने कहा पोटका में पर्यटन स्थल का विकास होने से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित होगा। स्थानीय लोगो को रोजगार के साथ अर्थव्यवस्था में भी बल मिलेगा।

### मां शायर देवी धाम के पांचवा वार्षिक महोत्सव का धूमधाम से हुआ समापन

# भगवान राम के आदर्शों पर चलने से ही सभी के जीवन में खुशहाली आयेगी : मिथिलेश ठाकुर

बलराम शर्मा



**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के प्रसिद्ध मां शायर देवी धाम के पांचवा वार्षिक महोत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। महोत्सव के दसवां दिन सोमवार की रात्रि में भव्य देवी जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने लिटिल स्टार आर्यन बाबू के साथ फीता काटकर किया। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालु दर्शकों को विजया दशमी की शुभकामना देते हुए कहा कि प्रभु की कृपा सभी पर बनी रहे। उन्होंने सभी का जीवन सुखमय होने की कामना की। कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को हम सभी रामनवमी के रूप में मनाते हैं। प्रभु श्रीराम अपने कर्मों और आदर्शों से जाने जाते हैं, उनके द्वारा बताये गये आदर्श को सभी को आत्मसात करना चाहिए। मंत्री श्री ठाकुर ने जोर देकर कहा कि मुट्ठी भर लोग अपने स्वार्थ में हमें बांटने का काम करते हैं वैसे लोगों से सावधान रहना होगा, तभी हमारे जीवन में खुशहाली आयेगी। अन्यथा भावना में बहकर आप लोग गलत कर बैठेंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में अपनी हार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों ने तो मुझे मजा चखा दिया, आप सभी मधुर भक्ति संगीत का मजा लेने आये हैं खूब मजा लीजिए। हम तो हार कर भी आनंदित हैं। इससे पहले सभी अतिथियों तथा देवी जागरण के लिए आये भोजपुरी सिनेमा के उभरते कलाकार आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा को फूल माला तथा पूर्व मंत्री मिथिलेश को फूल माला, अंग वस्त्र तथा तलवार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंत्री द्वारा देवी धाम संचालन समिति को 61 हजार रुपये सहयोग के रूप में दिया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन समिति के अध्यक्ष संजय भगत के द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, प्रखंड प्रमुख दीप माला कुमारी, मुखिया रामसागर महतो, थाना प्रभारी विष्णु कांत, प्रेमचंद प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, मुन्ना राम, महिला नेत्री रेखा चौबे, आराधना सिंह, रेखा पाठक, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभू राम, प्रखंड अध्यक्ष सूर्य प्रकाश, अतहर अली, कृष्ण प्रसाद कुशवाहा, मनोज जायसवाल सहित देवी धाम संचालन समिति के सभी पदाधिकारी सदस्य के साथ हजारों की संख्या में दर्शन मौजूद थे।

### लिटिल स्टार आर्यन बाबू और खुशबू शर्मा ने अपने भक्ति संगीत से दर्शकों को रात भर खूब झुमाया



**मेराल।** मां शायर देवी धाम मंदिर के प्रांगण में वार्षिक महोत्सव के समापन के अवसर पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम में लिटिल स्टार आर्यन बाबू और भोजपुरी गायिका खुशबू शर्मा ने अपने भक्ति संगीत पर दर्शकों को रात भर खूब झुमाया। आर्यन बाबू ने अपने भक्ति संगीत का शुभारंभ मां शायर देवी की जयकारे के बाद रहे वीणा वाली मईया तोहरे कृपा से हम गावेली गनवा, मन बोले मोर शायर माई के भजन के बाद पूर्व मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर को मंच पर बुलाकर जिय हो झारखंड के लाल-जिय तू हजार साल और जईसन सोचले रहनी ओईसन चाचा मोर बाड़न भजन गाकर खूब झुमाया।

## तेज रफ्तार टेंपो पलटने से एक की मौत, सात घायल, ड्राइवर फरार

आजाद सिपाही संवाददाता



घायल व्यक्तियों का इलाज चलता हुआ।

**श्रीबंशीधर नगर।** श्रीबंशीधर नगर भवनाथपुर रोड स्थित तुलसीदामर घाटी में टेंपू पलटने से एक युवक की मौत हो गयी, वहीं सात यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना मंगलवार शाम 5 बजे की है। टेंपो भवनाथपुर से श्री बंशीधर नगर आ रहा था। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए 108 एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी 35 वर्षीय राकेश चंद्रवंशी को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में रमना थाना क्षेत्र के सिलिदाग ग्राम निवासी विजय बैठा और उनकी पत्नी संगीता देवी, नीरज कुमार, केतार थाना क्षेत्र के ताली निवासी अजीत कुमार, केतार ग्राम निवासी भगवंती देवी, बक्शीपुर ग्राम निवासी बिशुनदेव राम और खरौंधी थाना क्षेत्र के कुपा ग्राम निवासी कैलाश भुइया के पुत्री गीता कुमारी का नाम शामिल है। घटना के बारे में घायलों ने बताया कि सभी लोग टेंपू से भवनाथपुर से श्रीबंशीधर नगर आ रहे थे। तुलसीदामर घाटी स्थित टर्निंग पर अनियंत्रित होकर टेंपू पलट दिया। घायलों ने बताया कि चालक वाहन को तेज गति से रहा था। जिस कारण दुर्घटना हुई। वहीं दुर्घटना के बाद टेंपू चालक मानवता के बजाय क्रूरता का परिचय दिया। घटना के बाद टेंपू में फंसे घायलों को निकाल कर टेंपू खड़ा कर भाग गया। वहीं घटना की सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

### एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिग गिरफ्तार

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के वीरबंधा डैम के पास रामनवमी के दिन रविवार को पुलिस ने एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया। दोनों को पूछताछ के बाद थाना लाया गया और मामला दर्ज कर बाल सुधार गृह भेज दिया गया। थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि तीन नाबालिगों की संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। मौके से एक देसी कट्टा और दो जिंदा 315 बोर के कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने दो नाबालिगों को गिरफ्तार किया, जबकि तीसरा फरार हो गया।

### कांडी में महावीर अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का शुभारंभ



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य सड़क पर, कांडी अस्पताल के सामने मंगलवार को महावीर अल्ट्रासाउंड जांच केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में थाना प्रभारी अविनाश राज, प्रखण्ड प्रमुख नारायण यादव, जिला पार्षद सुषमा कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि नीरज सिंह और विभूति नारायण दुबे उर्फ नंदलाल दुबे ने संयुक्त रूप से फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथियों ने केंद्र की सराहना करते हुए कहा कि इस अल्ट्रासाउंड जांच सुविधा की शुरूआत से प्रखंड के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। अब उन्हें गढ़वा, डाल्टनगंज, रांची या बनारस जैसे दूरस्थ स्थानों पर जांच के लिए नहीं जाना पड़ेगा। सेंटर के प्रोपराइटर डॉ. ब्रजेश कुमार पांडेय और संचालक गौरी शंकर पांडेय ने जानकारी दी कि यहां बहुत ही न्यूनतम दर पर सभी प्रकार की गुणवत्तापूर्ण अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इस अवसर पर डॉ मनीष सिंह, महेंद्र पांडेय, मुखिया प्रतिनिधि कौशल सिंह, रामाश्रय पाडेय, शशि पांडेय, अरविंद पांडेय, रमाकांत पांडेय, एसआई विद्या सागर प्रसाद, डॉ अनिल प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया चापाकल मरम्मति वाहन को रवाना



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा अंतर्गत चापाकल मरम्मति वाहन को मंगलवार को उपायुक्त शेखर जमुआर ने हरी झंडी दिखाकर समाहरणालय परिसर से गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों के लिए रवाना किया। बताते चलें कि गर्मी के मौसम को देखते हुए पेयजल की समस्या से निजात पाने हेतु गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडों/पंचायतों एवं गांवों में लगे चापाकल/खराब पड़े चापाकलों की मरम्मति हेतु चापाकल मरम्मति वाहन का संचालन कराया जा रहा है, जिसमें मिस्त्री एवं मजदूर द्वारा खराब पड़े चापाकलों को बनाया जायेगा। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा बताया गया कि खराब पड़े चापाकल की मरम्मति हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिसके टोल फ्री नंबर-18003456502 पर भी संपर्क करते हुए चापाकलों की मरम्मति हेतु सहायता प्राप्त की जा सकती है। उक्त मौके पर उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल अजय कुमार सिंह समेत अन्य संबंधित उपस्थित थें।

### खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है : विधायक



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** शहर के अधौरा स्थित टीडीएम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन विधायक अनंत प्रताप देव ने किया। विधायक ने कहा कि खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि जीवन को अनुशासित बनाने का माध्यम है। खेल आज बेहतरीन कैरियर बनाने का साधन बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे टूर्नामेंट से प्रतिभा सामने आती है। मौके पर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय, तारकेश्वर पांडेय अमरनाथ पांडेय, उदय सिंह, छोटन देव सुधीर प्रसाद, गौरव पांडेय, अमन देव, विकाश पाल, बाबू लाल चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 12 से



**केतार (आजाद सिपाही)।** सुप्रसिद्ध श्री सूर्य नारायण मंदिर परिसर में तीसरा स्थापना दिवस के अवसर पर 12 अप्रैल से 14 अप्रैल तक श्री सूर्य सहस्त्रार्चन और प्रत्येक दिन संध्या सात बजे से दस बजे तक संगीतमय राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। यह यज्ञ यज्ञाचार्य सौरभ भारद्वाज के नेतृत्व में कराया जा रहा है। इस महोत्सव का सफल आयोजन को लेकर यज्ञ कमिटी का गठन किया गया। जिसमें यज्ञ कमिटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह,सचिव मंजेश कुमार गुप्ता उप सचिव दिव्यांकर वर्मा कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार चौधरी, उपकोषाध्यक्ष सुधीर प्रसाद, सूचना मंत्री अभिषेक ठाकुर, व्यवस्थापक दिनेश गुप्ता को बनाया गया। वहीं अजय कुमार सिंह, सूरज कुमार वर्मा, दिनेश वर्मा, रविकांत चंद्रवंशी शिवभरोष सिंह, बिट्टू सिंह,दीपक वर्मा, नगीना वियार को निगरानी समिति के सदस्य बनाये गये।

### 187 सेविकाओं को मिला स्मार्ट फोन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया साथ ही इस अवसर पर परियोजना से जुड़े 187 सेविकाओं को स्मार्टफोन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी बीडीओ सह सीडीपीओ सतीश भगत, महिला प्रवेशिका स्वस्तिका रानी, मीना देवी, रूपू महतो, प्रधान सहायक मुरारी मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका स्वस्तिका रानी ने कहा कि अब विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप के माध्यम से निगरानी की जायेगी, इसलिए सभी समय पर अपने कार्य को पूर्ण करने, लाभार्थी मॉडल को लोकप्रिय बनाने, समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन रोल आउट करने एवं बच्चों के मोटापे को नियंत्रित करने हेतु स्वस्थ जीवन शैली के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। पोषण पखवाड़ा दिवस में विभा रानी, रेणु देवी, श्याम दुलारी देवी, नागवंती देवी, अनामिका देवी, शोभा देवी, आशा देवी, अनीता देवी, सरिता देवी,सुषमा देवी, कांति देवी, सुनीता देवी ,जैनुल बीवी, शकुंतला देवी, जरीना खातून गीता देवी, सुमन देवी अंबा रानी, बबीता पाठक, अंजू देवी, सुचिता देवी, शांति मेहता, प्रतिमा देवी सहित कई सेविकाएं उपस्थित थी।

## 'कॉफी विद एसडीएम' : प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों को किया आमंत्रित

**यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी आदि परीक्षाओं की तैयारी करने वाले होंगे एसडीएम के मेहमान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम 'कॉफी विद एसडीएम' में इस बार अनुमंडल क्षेत्र के ऐसे मेहनती अभ्यर्थियों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित किया है जो गढ़वा में रहते हुए सीमित संसाधनों के बीच यूपीएससी, जेपीएससी, एसएससी, बैंक, रेलवे आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। एसडीएम ने ऐसे प्रतियोगी छात्र-छात्राओं से अपील करते हुये कहा कि यद्यपि उनका समय बहुत महत्वपूर्ण है और उन्हें अपने अध्ययन के शेड्यूल में से एक घंटा निकालना बड़ा मुश्किल होता है फिर भी यदि संभव हो तो वे बुधवार को 11 से 12 के बीच 1 घंटे का समय निकालें। इस 1 घंटे के वातार्लाप में न केवल उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित अध्ययन सामग्री के बारे में जानकारियां दी जायेंगीं, बल्कि उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना जायेगा। उन्होंने कहा कि आज गढ़वा के छात्र-छात्राएं मेहनत करके अखिल भारतीय स्तर की कठिन परीक्षाओं में सफल हो रहे हैं, ऐसे में थोड़ा सा मोटिवेशन भी उन्हें बड़ा बल प्रदान करेगा। इसीलिए प्रतियोगी अभ्यर्थियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए कॉफी पर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि जो अभ्यर्थी इच्छुक हैं और 1 घंटे का समय निकाल सकते हैं वे कल इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सुबह 11:00 बजे सदर अनुमंडल कार्यालय जरूर आयें।

### लक्ष्मी नारायण महायज्ञ: लवाही गांव में अद्भुत भक्तिमय वातावरण



**डंडई (आजाद सिपाही)।** लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के चौथे दिन लवाही गांव में अद्भुत भक्तिमय वातावरण छा गया है। गांव के हर कोने में आस्था और भक्ति की गूंज सुनाई दे रही है। लोग मंत्रों के उच्चारण और यज्ञ की आहुति देने के लिए श्रद्धालु एकत्रित हो रहे थे। यज्ञ स्थल पर देवी लक्ष्मी और भगवान नारायण की पूजा के साथ-साथ गांववासियों ने मिलकर सामूहिक भजन कीर्तन, रामकथा और धार्मिक प्रवचन में भाग ले रहे हैं। प्रखंड के आसपास के गांवों से लोग सुबह में पूजा अर्चना और यज्ञशाला फेरी के लिए स्थल पर पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु भक्त देश के विभिन्न हिस्सों से आने वाले प्रवचन कर्ता को सुनने के लिए उपस्थित हो रहे हैं। गुरुवार को प्रवचन सुनने के लिए यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं को भाग लेने का अवसर मिल रहा है।

### गर्मी में शुद्ध शीतल जल पिलाना पुण्य है कार्य : बीडीओ



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड के बहियार खुर्द मोड के समीप पनशाला का उद्घाटन बीडीओ, थाना प्रभारी आकाश कुमार स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार बैठा, उप मुखिया मदन यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद बीडीओ विकाश पांडेय ने कहा कि राहगीरों को गर्मी में शुद्ध पानी पिलाना पुण्य का कार्य है। वहीं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने कहा कि स्थानीय ग्रामीण रामगहन विश्वकर्मा सहित पानशाला कार्य को संपन्न कराने में सभी सहयोगी धन्यवाद के पात्र है। मौके पर झामुमो नागेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य विमली देवी,तारकेश्वर पासवान, मुन्ना पासवान, राम गहन विश्वकर्मा, भिरगुन पासवान, रविंद्र विश्वकर्मा, शिवलाल पासवान, दशरथ उरांव आदि मौजूद थे।

## अनुमंडलीय पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के लिए हुई शीतल पेयजल की व्यवस्था

**एसडीएम की अपील पर जीएमडी हीरो शोरूम ने सीएसआर के तहत उपलब्ध कराया वाटर कूलर**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** शहर थाना के समीप स्थित श्रीकृष्ण अनुमंडलीय पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को स्वच्छ एवं शीतल पेयजल के लिये शहर के जेएमडी हीरो शोरूम के सौजन्य से आरओ वाटर कूलर का अधिष्ठापन मंगलवार को कराया गया। इसका उदघाटन अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार और जेएमडी हीरो शोरूम के सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह और पुस्तकालय में अध्ययनरत एक छात्रा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पुस्तकालय में अध्ययनरत छात्र-छात्रायें व कर्मचारी उपस्थित थे।

दरअसल संजय कुमार यहां आए दिन विजिट करते रहते हैं बजट के क्रम में ही बच्चों से मिले फीडबैक के अनुसार यहां पर सामाजिक सहयोगसे सुविधा बहाल होती रहती हैं उसी क्रम में संजय कुमार की अपील पर आज डीएमडी हीरो शोरूम के निदेशक मार्तंड प्रताप सिंह और सहायक निदेशक मणिभद्र सिंह के द्वारा अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत उक्त मशीन उपलब्ध करायी है। उदघाटन के पश्चात एसडीओ संजय कुमार ने शोरूम के संचालकों को साधुवाद दिया। उन्होंने शहर के अन्य संस्थानों से भी अपील की कि वे निःशुल्क चल रहे इस पुस्तकालय में यथासंभव अपना योगदान जरूर दें। एसडीओ ने कहा कि जेएमडी हीरो से प्रेरणा लेकर अन्य संस्थान भी जरूर आगे आयेंगे।

### रंका के पुरेगाड़ा में बनने से पहले ही गिरा उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की छज्जा , गुणवत्ता में घोटाला उजागर



उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का टूटा लटका हुआ छज्जा की तस्वीर।

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड के ग्राम-पुरेगाड़ा बाजार प्रांगण में बन रहे उप स्वास्थ्य केंद्र भवन की छज्जा बनने के पहले ही अचानक गिर गया। जिससे ठेकेदार और देखरेख में काम कराने वाले मुंशी भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बसंत प्रसाद गुप्ता पर गुणवत्ता में घोटाला करने की मामला उजागर हो गया है। इसके संबंध में पूछने पर बसंत प्रसाद गुप्ता ने दलील देते हुए आजाद सिपाही को बताया कि राजमिस्त्री कम जानकार और देहाती था। उसने अपने मन से छज्जा ढाल दिया था जिसे इंजिनियर ने बीम देकर ढालने का आदेश दिया जिसके आलोक में छज्जा को गिराया गया है, छज्जा स्वयं नहीं गिरा है। जबकि गांव के लोगों का कहना है कि छज्जा को नहीं गिराया गया बल्कि छज्जा स्वयं अचानक गिरा है। यहां तक कि छज्जा गिरने के धक्के से नीचे और उपर का दिवार भी फट गया है और भाजपा नेता के द्वारा बचने के लिए बेतुका बयान दिया जा रहा है क्योंकि राजमिस्त्री मनमानी कार्य नहीं कर सकता।

## थाना परिसर में पुलिस कर्मियों के लिए बनने वाले आवास की एसपी ने रखी आधारशिला

आजाद सिपाही संवाददाता



पुलिस कर्मियों के लिए थाना परिसर में बनने वाली आवास का आधारशिला रखते एसपी दीपक पांडेय।

**भवनाथपुर।** गढ़वा पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय और पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को भवनाथपुर थाना परिसर में बनने वाली पुलिस पदाधिकारी आवास की आधारशिला भूमिपूजन के उपरांत नारियल फोड़कर तथा ईंट की जोड़ाई कर रखी। मौके पर एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि झारखंड पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन लिमिटेड के तहत 3.50 करोड़ की लागत से आनंद कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण कराई जायेगी। थाना में श्री बीएचके के 16 आवास का निर्माण होगा। कहा कि पहले थाना में आवासीय परिसर नहीं होने के कारण पुलिस कर्मी और पदाधिकारियों को अपने परिवार के साथ रहने में परेशानी होती थी, परंतु अब थाना परिसर में आवास उपलब्ध होने से पुलिस कर्मियों को कई तरह की सुविधायें मिलेंगी, जैसे कि ड्यूटी के दौरान आसानी से उपलब्ध रहने, परिवार के साथ समय बिताना और ड्यूटी के बाद आराम कर सकते है। कहा कि उक्त आवास का निर्माण कार्य संवेदक द्वारा डेढ़ वर्ष के अंदर पूर्ण कर लिया जायेगा। इस अवसर पर एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, थाना प्रभारी रजनी रंजन, केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी, हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफीउल्लाह अंसारी, एसआई प्रदीप उरांव, परवेज आलम, निरंजन शर्मा, सअनि उपेंद्र राम, नारायण प्रसाद, आशुतोष श्रीवास्तव, सुशील चौबे, भाजपा नेता कामता प्रसाद, घनश्याम शुक्ला, दीपक जायसवाल, बीरेंद्र साह आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**ई- निविदा आमंत्रण सूचना (D.M.F.T. मद)**

ई–निविदा संख्या :– 01/2025-26/EE/RWD/LATEHAR    दिनांक : 07.04.2025

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/LATEHAR/01/2025-26 | बरियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में कृष्णा सिंह के घर से संतोश साव एवं बैधनाथ सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 43.18600 | रू0 तैंतालीस लाख अठ्ठारह हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 2 | RWD/LATEHAR/02/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम हिसरी में अवध सिंह के घर से मंदिर होते हुए उरॉव टोली तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 60.32600 | रू0 साठ लाख बत्तीस हजार छः सौ रूपये मात्र। | 06 माह |
| 3 | RWD/LATEHAR/03/2025-26 | बारियातु | प्रखंड – बारियातु के पंचायत फुलसू के ग्राम लादु में बारियातु हेरहंज मुख्य पथ से महावीर मन्दिर होते हुए बड़का आहर कसमार तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 86.32700 | रू0 छियासी लाख बत्तीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 06 माह |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 15.04.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.04.2025 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 28.04.2025 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038
6. संवेदक पर जिलान्तर्गत किसी भी योजना का कार्य लंबित रहने पर उनकी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
7. एक संवेदक को एक वित्तीय वर्ष में इस मद का एक ही कार्य आवंटित किया जायेगा।
8. कार्य आवंटन में स्थानीय संवेदकों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 349895 Rural Development (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# श्रमिक प्रतिनिधि ने पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाने का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** केंद्र सरकार के द्वारा पेट्रोल, डीजल और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ाए जाने का श्रमिक प्रतिनिधि सह यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रीय सचिव अरविंद शर्मा में कुछ और तरीके से विरोध किया है। इस संबंध में उन्होंने प्रेस बयान जारी कर कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा एलपीजी सिलेंडर पर 50 रुपये की बढ़ोतरी और उज्जवला गैस पर भी 50 रुपये की बढ़ोतरी इस देश के मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग के ऊपर एक बोझ है। अभी के समय में अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमत सबसे नीचे स्तर पर पहुंच चुका है फिर भी भारत सरकार आमजन को पेट्रोल डीजल महंगे भावों पर ही उपलब्ध करा रही है। अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने से शेयर बाजार में उथल-पुथल मचा है। निवेशकों के लाखों करोड़ों रुपए डूब चुके हैं। सरकार इन सभी चीजों पर ध्यान देने के बजाय जनता पर बोझ बढ़ा रही है। एलपीजी गैस सिलेंडर एक जरूरत का समान है,जिससे भोजन बनता है और गरीब वर्ग, मध्यम वर्ग, साधारण वर्ग उसमें राहत की उम्मीद करता है। उन्होंने भारत सरकार से मांग कि है की एलपीजी गैस सिलेंडर पर जो सब्सिडी बंद की गयी है वह जरूरतमंद नागरिकों को प्रति सिलेंडर ढाई सौ रुपये की सब्सिडी देना प्रारंभ करे। उन्होंने कहा कि पेट्रोल डीजल और गैस सिलेंडर का दाम बढ़ने से महंगाई पर इसका सीधा असर पड़ेगा और देश के लोगों को महंगाई की मार झेलनी पड़ेगी।

## जनशिकायत समाधान कार्यक्रम 16 अप्रैल को

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, प्रभावी निवारण, पुलिस और नागरिकों के बीच अविश्वास एवं दूरी को समाप्त करने के उद्देश्य से खूंटी पुलिस द्वारा 16 अप्रैल को पूर्वाह्न 11.00 बजे नगर भवन में खूंटी में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। समाधान कार्यक्रम में खूंटी जिले के दस थाना खूंटी, मुरहू, अडकी, सायको, मारंगहादा, तोरपा, तपकरा, रनिया, कर्रा और जरियागढ़ क्षेत्र के आमजनों की शिकायतें सुनी जायेगी और उनका निराकरण का प्रयास किया जायेगा। यह जानकारी पुलिस ने दी है।

# बालू लदा ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलटा, चालक की दर्दनाक मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के सिल्ली रांगामाटी सड़क पर झाड़ुआ गांव के पास मंगलवार को एक अनियंत्रित बालू लदे ट्रैक्टर पलट गया। जिससे ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना स्थल से अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में ही चालक की मौत हो गयी। ईचागढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। वही ईचागढ़ थाना के एसआइ सुनील कुमार यादव ने बताया कि चालक खुंटी जिला के अड़की थाना क्षेत्र के मारांगपीड़ी निवासी 19 वर्षीय आसिन स्वांसी की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर पलटने से चालक ट्रैक्टर में दब गया। ग्रामीणों ने दबे चालक को किसी तरह निकालकर मिलन चौक के एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां से उसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए टीएमएच जमशेदपुर भेज दिया। घटना कि सुचना मिलते ही ईचागढ़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया।

# डालसा ने लोगों के बीच पंपलेट, लिफलेट और कानूनी पुस्तिका का किया वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के गभेड़या पंचायत के नवाडीह गांव में डालसा के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीकृति विनया ने आगामी 10 मई को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। पीएलवी सोनामनी देवी और रूकमनी देवी ने कहा कि विचाराधीन बंदियों और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के वर्गों के लोगों को डालसा के द्वारा मुकदमा लड़ने और अपना बचाव करने के लिए निःशुल्क विधिक सहायता दी जाती है। सुनीता कुमारी ने प्री-लिटिगेशन मुकदमा दर्ज कराने, विधवा-पेंशन, वृद्धा-पेंशन, असंगठित मजदूरों का निबंधन, आयुष्मान भारत योजना के गोल्डन कार्ड एवं शौचालय स्वच्छता के बारे में जानकारी साझा किये। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निष्पादन के लिए फोकस किया जा रहा है। विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में जानकारी दी। अंत में डालसा के पीएलवी ने लोगों के बीच पम्पलेट, लिफलेट और कानूनी पुस्तिका का वितरण किया एवं निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी।

# प्रखंडस्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। आंगनवाड़ी सेविकाओं को पोषण माह का शपथ दिलाया गया और प्रखंड कार्यालय से ब्लॉक मोड़ तक पोषण पखवाड़ा रैली निकाली गयी। वही महिला पर्यवेक्षिका कृष्णा देवी ने बताया कि महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखंड सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को प्रखंड स्तरीय पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। जिसका समापन 22 अप्रैल को किया जायेगा। इस बीच प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनवाड़ी केंद्र में प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियों का आयोजन कर पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया जायेगा। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका ममता बिन्हा, कम्प्यूटर ऑपरेटर संजीत पोद्दार सहित आंगनवाड़ी सेविका उपस्थित थे।

# गांवों में जायें झामुमो कार्यकर्ता, सरकारी योजनाओं की जानकारी दें: सुदीप गुड़िया

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता गांवों में जायें और ग्रामीणों की समस्याओं की जानकारी लें। विधायक ने कहा कि गांव वालों की समस्याओं निराकरण का प्रयास किया जायेगा। सुदीप गुड़िया मंगलवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के तोरपा, रनिया और कर्रा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गयी। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार जनहित के लिए कई तरह की योजनाएं चला रही है, परंतु जानकारी के आभाव में लोग उन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। कार्यकर्ता उन योजनाओं की जानकारी लोगों को दें तथा जरूरतमंद लोगों को योजना का लाभ दिलाने में मदद करे। बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा के होनेवाले केंद्रीय महाधिवेशन की तैयारी को लेकर भी चर्चा की गयी। बैठक में झामुमो रनिया प्रखंड अध्यक्ष गाबरियल तोपनो, तोरपा प्रखंड अध्यक्ष रूबेन तोपनो, जोसफ भेगरा, अमृत हेमरोम, राहुल केशरी, देवनाथ मघईया मोजीर अंसारी, प्रदीप केशरी, विनोद उरांव, फिलिफ डाहंगा, जेम्स आईंड, लछुवा लोहरा, मार्शल होरो, जयदीप तोपनो, सुहेल खान, सिंगराय कंडुलना, मैकसल डांहगा आदि उपस्थित थे।

# अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने सीसीएल सीएमडी से की मुलाकात



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** अंबेडकर विचार मंच के सदस्यों ने मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा के नेतृत्व में रांची में सीसीएल सीएमडी एनके सिंह से मुलाकात किया। मुलाकात के दौरान सीएमडी से अंबेडकर चौक खलारी में चौदह अप्रैल को आयोजित अंबेडकर जयंती समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया। मंच के लोगों को कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा कि दलितों एवं वंचितों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक उत्थान के लिए होने वाले हर कार्य में सीसीएल यथासंभव सहयोग करेगी। इस अवसर पर मंच के संरक्षक राजन सिंह राजा के अलावा मंच के अध्यक्ष अशोक राम, सतेंद्र खरवार, सैयद गोल्डी आदि उपस्थित थे।

# झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन का क्षेत्रीय सम्मेलन आज, तैयारी पूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन पिपरवार क्षेत्रीय सम्मेलन आज बचरा ऑफिसर्स क्लब मे आयोजित की गयी है। सम्मेलन को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। संयोजक मंडली के साथियों ने नौ अप्रैल 2025 को होने वाले सम्मेलन को लेकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान में संगठित एवं असंगठित मजदूरों के बीच में सम्मेलन में आने का न्योता दिया गया। जनसंपर्क अभियान के तहत अशोका, पिपरवार,सीएचपी/सीपीपी राजधार साइडिंग, सैनिक, पीएलआर कंपनी सहित विभिन्न कार्यालय में मजदूर साथियों को सम्मेलन में आने का न्योता दिया गया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त मंत्री एवं यूनियन के केंद्रीय महासचिव फागु बेसरा और विशिष्ट अतिथि मे जोनल सचिव जय नारायण महतो, जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, सैनाथ गंझू, झारखंड मुक्ति मोर्चा के हजारीबाग जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया सहित कई वरीय नेता भाग लेंगे और सम्मेलन को संबोधित करेंगे। जनसंपर्क अभियान में मुख्य रूप से मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन, मोहम्मद असलम, राजू मुरमू, बाबूलाल टाना भगत, वीरू मुंडा, अनिल राम, दीपक उरांव, परमेश्वर साव, परमेश्वर गंझू, रामचन्द्र उरांव, मुकेश साव, सुनिल उरांव, जुगल सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में यूनियन के लोग शामिल थे।

# आदर्श उच्च विद्यालय में नये सत्र का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता




**मैकलुस्कीगंज।** आदर्श विद्यालय शांति नगर खलारी में नये सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया गया। सभी नये एवं पुराने अध्यनरत छात्र-छात्राओं का विद्यालय प्रबंधन द्वारा स्वागत किया गया। यह नये सत्र 2025 - 26 का विद्यालय द्वारा मोटो दिया गया की जितना पढ़ोगे उतना सीखोगे और उतना ही आगे बढ़ोगे। नये सत्र में नयी शिक्षा नीति के अनुसार कुछ पढ़ाई में बदलाव भी किया जायेगा, जिससे छात्र-छात्राओं के भविष्य निर्माण में सहयोग मिलेगा। नर्सरी के बच्चों को डिजिटल क्लासेस की व्यवस्था की जायेगी, पहले से थी और बेहतर की जायेगी। विद्यालय के प्रधानाध्यापक फादर ऑस्कर टोप्पो ने छात्र- छात्राओं के साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी स्वागत किया और विद्यालय के विकास एवं छात्र-छात्राओं का विकास के लिए सहभागिता और समन्वय नीति के साथ नयी शिक्षा नीति के आधार पर कार्य करने का सुझाव दिया, जिससे की खिलारी को कोयलाचण के सभी बच्चें शिक्षित बन सके। इस विद्यालय का उद्देश्य है की सभी को शिक्षित बनाना तभी किसी देश या राष्ट्र का विकास हो सकता है। विद्यालय के प्रबंधक महोदय फादर हिलारियुस तिग्गा ने कहा विकसित राष्ट्र के विकास की राह के लिए शिक्षा अति आवश्यक है। नये सत्र के महत्वपूर्ण कार्य में शिक्षक प्रमोद प्रसाद, डेनी कुजूर, पवन कुमार चंद्रवंशी, हेमा माधुरी लकड़ा, प्रियंका कुमारी, सुमन खलखो, संध्या टोप्पो, विक्रम सिंह, अर्पण अर्पण लकड़ा, नवीन कुजूर, सुषमा रजनी मिंज, रोजलीन कुजूर, प्रफुल्लित मिंज, रेणु गिरी, अर्चना कीड़ों, सुमित किस्पोट्टा अनास्तासिया बारला, नैन्सी लकड़ा आदि कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित रहे।

### जलछाजन यात्रा संपन्न, ग्रामीणों को किया गया सम्मानित

# जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता : उपायुक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** रनिया प्रखंड के गोइलकेरा गांव में प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत आयोजित जल छाजन यात्रा का समापन मंगलवार को हो गया। जल छाजन यात्रा पांच फरवरी से झारखंड के विभिन्न जिलों में चल रही थी। यात्रा का उद्देश्य लोगों को जल छाजन योजनाओं के बारे में जागरूक करना और जल, जंगल, जमीन के संरक्षण के महत्व को समझाना था। समापन समारोह में उपायुक्त लोकेश मिश्रा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने दो व्यक्तियों को जल छाजन मार्गदर्शक के रूप में मोमेंटो देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम, रनिया प्रखंड प्रमुख और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जल छाजन योजनाएं न सिर्फ किसानों को सिंचाई के बेहतर साधन उपलब्ध कराती हैं, बल्कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में भी सहायक होती हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लें और जल संरक्षण में भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन जल प्रबंधन के हर स्तर पर किसानों के साथ है। कई किसानों को वाटर शेड योद्धा के रूप में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही एक नए तालाब के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। समारोह में कई अधिकारियों और ग्रामीणों ने भाग लिया।

## जंगल से अज्ञात महिला का जला शव बरामद



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल से मंगलवार को एक अज्ञात महिला का जला हुआ शव बरामद किया गया है। मंगलवार की सुबह सुबह कुल्डा गांव की महिलाएं दातुन-पत्ता तोड़ने जंगल गयी, तो उन्होंने जले हुए शव को देखा। ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना तोरपा थाना की पुलिस को दी गयी। सूचना मिलते ही पुलिस इंस्पेक्टर अशाक कुमार सिंह, थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्बरम आर पुलिस अवर निरीक्षक अमरेंद्र मंडल घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच की। घटनास्थल पर सूखे पत्तों के जलने के निशान हैं। वहां कुछ दूरी पर शव पड़ा था। वहां भी पत्तों के जलने के निशान हैं। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस गंभीरता से मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि आशंका है कि हत्या लगभग 48 घंटे के पहले की है। इसके कारण लाश से दुर्गंध भी निकलने लगी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

### अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ खूंटी में तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव संपन्न

# भगवान श्रीराम के बताये मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए : वरुण रजक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा खूंटी में आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव का समापन मंगलवार को अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता और पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। रात भर चली इस प्रतिष्ठा मूलक अस्त्र-शस्त्र प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों के खिलाड़ी शामिल हुए। विजेता मंडलियों के बीच पुरस्कारों का वितरण मुख्य अतिथि एसडीपीओ वरुण रजक एवं विशिष्ट अतिथि प्रशिक्षु डीएसपी रामप्रवेश सिंह तथा रेनी हॉस्पिटल के डॉक्टर रमण ने किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। हमें श्रीराम के आदर्शों को अपनाना चाहिए। अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता में श्रीश्री महावीर मंडल बरटोली पुंदाग रांची और श्री महावीर मंडल न्यू क्लासिक क्लब जगन्नाथपुर रांची को संयुक्त रूप से प्रथम, युवक संघर्ष समिति तुपुदाना रांची को द्वितीय एवं सम्राट क्लब बनी गली चुटिया रांची को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ग्रामीण मंडलियों में नारी बालिका मंडली मेरोलगुटू बंदगांव, पश्चिमी सिंहभूम को प्रथम, न्यू स्टार क्लब हरिजन बस्ती मुरहू को द्वितीय एवं पवन मंडली बंदगांव को तृतीय पुरस्कार मिला। नवमी की शोभायात्रा में शामिल झांकी में प्रथम पुरस्कार क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली खूंटी, द्वितीय पुरस्कार यंग स्टार क्लब मोहना टोली तथा तृतीय पुरस्कार मिलन क्लब और श्रीराम सेवा समिति खूंटी को संयुक्त रूप से दिया गया। नगर सज्जा के लिए प्रथम पुरस्कार यंग स्टार क्लब खूंटी, द्वितीय पुरस्कार श्री राम सेवा समिति और तृतीय पुरस्कार मिलन क्लब एवं क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली खूंटी को मिला। श्री राम जन्मोत्सव में विशेष आकर्षण और सहयोग के लिए विशेष पुरस्कार यंग मोनार्क क्लब नेताजी चौक खूंटी को दिया गया। पूरे आयोजन में अनुशासित तरीके से शामिल होने के लिए स्टार क्लब चौधरी तालाब खूंटी की मंडली को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता की निर्णायक मंडली में महासमिति के महामंत्री जितेंद्र कश्यप और उपाध्यक्ष रंजीत प्रसाद शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कुमार सौरभ ने किया। आयोजन को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष अनूप साहू, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल, संरक्षक संजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, लव चौधरी, कृष्णानंद तिवारी, आनंद कुमार, संजीव चौरसिया आदि ने योगदान दिया।

## बुंडू में जल संयोजन का औचक निरीक्षण



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के प्रशासक शुभम पोद्दार आदेशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत जल आपूर्ति के उपभोक्ताओं के जल संयोजन का औचक निरीक्षण किया गया। जांच के क्रम में पाया गया कि कई उपभोक्ताओं द्वारा अपने जल संयोजन में मोटर लगाकर अवैध तरीके से जल का निकासी किया जा रहा है। जिससे शहर में जल आपूर्ति की समस्याएं उत्पन्न हो रही है, नौ लोगों को चिन्हित किया गया। मोटर को जब्त करते हुए पांच हजार रुपये का दंड लगाया गया।

## हुमटा पंचायत के समाजसेवी कोकिल सिंह मुंडा का निधन

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** हुमटा पंचायत के समाजसेवी और ग्राम प्रधान कोकिल सिंह मुंडा का मंगलवार को देहांत हो गया। बुंडू के राम दुर्लभ सिंह मुंडा ने उनके देहांत पर शोक व्यक्त किया।

## लकड़ी लदे ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू वन क्षेत्र के सोनाहातू थाना क्षेत्र के जाड़ेया गांव में अवैध लकड़ी लदे ट्रैक्टर को ग्रामीणों ने पकड़ा। ग्रामीणों ने वन विभाग के पदाधिकारी को इसकी सूचना दिया, लेकिन वन विभाग इस पर किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं किया। लकड़ी तस्कर त्रिलोचन महतो और वीरेंद्र महतो घटनास्थल पहुंचकर ग्रामीणों को धमका कर गाड़ी छुड़ा कर ले गये।

## सरस्वती विद्या मंदिर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन




**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीएसआर के तहत सीसीएल सेंट्रल अस्पताल एनके एरिया के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर करकट्टा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में डॉ सत्यदीप कुमार के द्वारा स्कुली बच्चों की जांच की गयी। डॉ सत्यदीप ने 95 बच्चों की जांच की। साथ ही बीमारियों से बचने के लिए आवश्यक सलाह भी दिया। उन्होंने कहा कि की गर्मी के मौसम में ज्यादा पानी भरपूर पिये। साथ ही कई जानकारियां दी। इस शिविर में नर्स सुखमनी कुजूर सहित स्कूल के शिक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# महावीर मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा में लिया देशसेवा का संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** आगरटोली के महिलौंग टोली स्थित नवनिर्मित महावीर मंदिर की तीन दिवसीय प्राणप्रतिष्ठा का सोमवार की रात में पूणार्हुति आरती और भंडारा के साथ समापन हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप और विशिष्ट अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार शामिल हुए। इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा देश सेवा के लिए सामूहिक संकल्प लिया गया। जैलेंद्र कुमार ने कहा कि देश की उन्नति ही हमारी उन्नति है। हमें देश के विकास और उन्नति में अपना योगदान देने की जरूरत है। ज्ञात हो कि 5 अप्रैल को प्राणप्रतिष्ठा का उद्घाटन राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहू ने किया था। आदित्य साहू कलश यात्रा में शामिल हुए थे। इस अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष सूरज मुंडा, सचिव उपेंद्र महतो, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार महतो, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुंडा, धर्मनाथ महतो, दिलीप मुंडा, जितेंद्र मुंडा, मंगल महतो, नंदकुमार मुंडा, छोटनलाल मुंडा, करमू मुंडा, काशीनाथ महतो, महेश महतो, सहिंद्र महतो, दूति महतो आदि उपस्थित थे।

# कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल में फीस वृद्धि के खिलाफ अभिभावकों का हंगामा

**स्कूल प्रबंधन का कहना है कि फीस में की गयी वृद्धि पूर्व नियोजित है और किसी तरह की मनमानी नहीं की गयी है। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया**



नामकुम पुरुलिया रोड स्थित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल लोवाडीह में बड़ी संख्या में अभिभावक फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** नामकुम पुरुलिया रोड स्थित कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल लोवाडीह में मंगलवार को उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचकर फीस वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। अभिभावकों का आरोप था कि स्कूल प्रबंधन ने मनमानी तरीके से फीस में बढ़ोतरी की है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है। विरोध बढ़ता देख स्कूल प्रशासन ने स्थिति की गंभीरता को समझते हुए नामकुम थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनोज कुमार अपने दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारी अभिभावकों को समझा-बुझाकर शांत किया। इसके बाद स्कूल प्रशासन ने कुछ अभिभावकों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया और फिर स्कूल का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। बातचीत के दौरान अभिभावकों ने न केवल फीस वृद्धि को वापस लेने की मांग की, बल्कि कुछ शिक्षकों द्वारा बच्चों के साथ कक्षा में कथित अभद्र व्यवहार के आरोप भी लगायें। वहीं स्कूल प्रबंधन का कहना है कि फीस में की गयी वृद्धि पूर्व नियोजित है और किसी तरह की मनमानी नहीं की गयी है। साथ ही उन्होंने बच्चों के साथ दुर्व्यवहार के आरोपों को निराधार और बेबुनियाद बताया। घटना के बाद से इलाके में चर्चा का माहौल है और अभिभावक आगे की रणनीति पर विचार कर रहे है।

# राज्यपाल के साथ आइएचएम रांची के प्राचार्य ने शिष्टाचार मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मांडर।** महामहीम राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के साथ होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची के प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान संस्थान के प्राचार्य ने राज्यपाल को संस्थान की अनेकों उपलब्धियां साझा करते हुए बताया कि जिस उद्देश्य से पर्यटन विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा संस्थान की स्थापना की गयी, उसपर संस्थान खरा उतरा है तथा बहुत ही कम समय में आज आईएचएम रांची देशभर के सभी सरकारी होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएमस) में टॉप 3 होटल मैनेजमेंट संस्थान में अपना नाम शुमार कर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही बताया कि होटल और पर्यटन उद्योग के क्षेत्र में यह संस्थान विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के साथ साथ देश-विदेश में शतप्रतिशत रोजगार के अवसर भी उपलब्ध करा रहा है। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान महामहीम ने आईएचएम रांची की सराहना करते हुए बताया कि वर्तमान समय में होटल मैनेजमेंट सबसे बढ़िया रोजगारोन्मुख कोर्स है। इस कोर्स करने से छात्रों को आतिथ्य और होटल प्रबंधन के क्षेत्र में देश-विदेश के प्रमुख होटलों और सेवा क्षेत्रों में रोजगार के साथ साथ एक बेहतर आय भी मिल रहा है। इस कोर्स को करने से छात्र अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकते हैं। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार मडुआ लड्डू भी सप्रेम भेंट किया गया।

# इ-रिक्शा शोरूम का विधायक ने किया उद्घाटन

**स्वरोजगार की दिशा में सराहनीय कदम : विधायक नवीन जायसवाल**




इ-रिक्शा शोरूम के उद्घाटन के मौके पर उपस्थित विधायक नवीन जायसवाल और अन्य।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिस्कानगड़ी।** नगडी प्रखंड क्षेत्र के एसबीआई बैंक के समीप इ-रिक्शा शोरूम का उद्घाटन हटिया विधानसभा के विधायक नवीन जायसवाल के द्वारा किया गया। शोरूम का उद्घाटन करते हुए विधायक ने कहा कि आज के समय में इ-रिक्शा न सिर्फ पर्यावरण के लिए फायदेमंद हैं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार का भी मजबूत माध्यम बन रहे हैं। सरकार भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करती है। ऐसे शोरूम से न केवल रोजगार बढ़ेगा, बल्कि क्षेत्र में सफर भी अब और सुविधाजनक हो जायेगा।

मौके पर शोरूम संचालक अजय कुमार साहू ने बताया कि यहां इ-रिक्शा की बिक्री, फाइनेंस, स्पेयर पार्ट्स और सर्विसिंग सहित कई सुविधा दी जा रही है। मौके पर बिनोद केसरी आशुतोष महतो शिवा महतो सहित नगडी प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य लोग और ग्रामीण उपस्थित थे।

# दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता



सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। पहली घटना से रांची गुमला मुख्य मार्ग में जरिया मोड़ के समीप अपराह्न लगभग डेढ़ बजे दो बाइक सवारों की टक्कर में एक बाइक सवार रामगढ़ गिद्दी निवासी 18 वर्षीय अभय कुमार पिता महेंद्र विश्वकर्मा घायल हो गये।

वहीं दूसरी घटना रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर पावर ग्रिड के समीप अपराह्न ढाई बजे अज्ञात वाहन द्वारा पीछे से टक्कर मार देने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में नयासराय रांची निवासी 45 वर्षीय मेराज अंसारी पिता फैयाज खान और नगड़ी रांची निवासी 45 वर्षीय श्याम किशोर महतो पिता रामचंद्र महतो है। जिन्हें घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने बाइक सवार तीनों व्यक्तियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉ राजीव रंजन ने तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल मेराज अंसारी को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अभय कुमार अपने घर से गुमला बहन के यहां जा रहा था। वहीं मेराज अंसारी बेड़ो से और श्याम किशोर महतो पुरना पानी बेड़ो से अपने घर जा रहे थे।

# मुखिया संघ के अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से कानून में संशोधन करने की मांग की



**पिठोरिया।** जनजाति सुरक्षा मंच झारखंड प्रदेश के मीडिया प्रभारी, सह झारखंड प्रदेश मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को स्पीड पोस्ट के माध्यम से पत्र लिखकर वक्फ बिल पास करने और आदिवासियों को पांचवी और छठी अनुसूची क्षेत्र को वक्फ बिल संशोधन से बाहर रखने के लिए प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया। साथ ही साथ देश में और कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कानून में संशोधन करने की मांग की गयी। जिसमें केंद्र सरकार डीलिस्टिंग बिल अति शीघ्र पास करें। डीलिस्टिंग यानी जो जनजाति अपनी रुढ़ि प्रथा, संस्कृति, परंपरा छोड़कर ईसाई या इस्लाम धर्म अपना लिए है, वैसे लोगों को अनुसूचित जनजाति का आरक्षण का लाभ मिलना बंद हो। इसके अलावे भी अन्य बिल लाने की मांग की गयी है।

# श्री महावीर मंडल नामकुम ने अखाड़ाधारियों को दिया सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति, नामकुम की ओर से श्री रामनवमी महोत्सव के उपलक्ष्य में नामकुम बाजार के अखाड़ा में अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें झांकी, शोभा यात्रा तथा 250 मीटर लंबी महाविरी और तिरंगा झंडा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर बिनोद सिंह अखाड़ा को शोभा यात्रा में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए ट्रॉफी, तलवार और चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अखाड़ा अध्यक्ष को यह सम्मान मंडल की ओर से प्रदान किया गया। साथ ही शिव विहार कॉलोनी नामकुम बस्ती और बाल्मीकि नगर नामकुम बरगंवा को भी आयोजन में भागीदारी और सहयोग के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत सरकार के आपदा प्रबंधन सलाहकार कर्नल संजय श्रीवास्तव भी शामिल हुए। समिति ने उन्हें भी श्री रामनवमी महोत्सव में भाग लेने के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, अखाड़ा अध्यक्ष अनिल वर्मा, महामंत्री संजीव सिंह, सचिव रिंकू राय, उपाध्यक्ष अनिल सिंह, कृष्णा कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं अखाड़ा धारियों ने अगले वर्ष और भी भव्य और आकर्षक झांकी निकालने का संकल्प लिया।

# बारीडीह में अस्त्र-शस्त्र चालन सह झांकी मेला लगा, लड़कियों ने भी भांजी लाठियां और तलवार





आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के बारीडीह स्कुल मैदान में अस्त्र शस्त्र सह झाँकी मेला का आयोजन वीर बजरंग मेला समिति बारीडीह के द्वारा किया गया क मेला में प्रखंड और प्रखंड के बाहर से आए हुए अखाड़ा धारियों ने एक से बढ़कर एक अस्त्र शस्त्र चालन का प्रदर्शन किया।लडकियों ने भी लाठियों और तलवारों संग बेहतर खेल का प्रदर्शन किया।बेहतर खेल प्रदर्शन करने वाले अखाड़ा धारियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय सांत्वना पुरस्कार मेला में आए हुए राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, पूर्व विधायक राम कुमार पाहन, प्रमुख अनुपमा देवी, जि प पू सरिता देवी, बी डी ओ कामेश्वर बेदिया, सी ओ उज्जवल सोरेन, थाना प्रभारी अनिल कुमार तिवारी,डॉ पारस नाथ महतो, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहु, मुन्तजिर अहमद रजा,पं स स शशि मिश्र, मुखिया पार्वती देवी, उप मुखिया बनवारी लाल साहु, पूर्व खादी बोर्ड सदस्य अमर नाथ चौधरी ,राम धन बेदिया, गोविंद लाल गुप्ता,अलख नाथ. महतो, जलेश्वर महतो, लखन महतो आदि अतिथियों के द्वारा कप एवं तलवार दिया गया।मेला के सफल आयोजन में अध्यक्ष मानकी राजेंद्र शाही, संरक्षक मानकी जय नारायण सिंह, सिकंदर महतो, सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष भूषण कुमार महतो, संगठन सचिव ब्रह्म देव नायक, बल राम महतो, उप सचिव राजेंद्र प्रसाद साहु, विजय महतो, सोहराई महतो, जैलेंद्र महतो, शिव चरण नायक, उपाध्यक्ष बीरेंद्र कुमार महतो, सालीख हेंब्रम, संतोष महतो, प्रो प्रेम नाथ मुंडा, रणधीर चौधरी, सुजीत नायक संग मीडिया प्रभारी शारदा प्रसाद आदि का योगदान सराहनीय रहा।

# बेड़ो में हाथियों का उत्पात जारी, लोग परेशान



हाथियों द्वारा तोड़ा गया घर और सिंचित फसलों को बर्बाद किया गया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों का उत्पात रुकने का नाम नहीं ले रहा है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में हाथियों के आतंक से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आये दिन यहां जंगली हाथियों द्वारा किसानों की हाड़ तोड़ मेहनत व खून पसीने से सिंचित की गयी फसल को पैरों तले रौद कर बर्बाद कर देते हैं। गरीब किसानों और मजदूरों के आशियाने को ध्वस्त कर अनाज को चट कर जाते है। साथ ही हाथी अपने सामने आने वाले की जान ले रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में जंगली हाथियों के कहर से ग्रामीण भयभीत हैं। गांव में हाथियों ने लोगों के बीच आतंक मचा रखा है। जिससे ग्रामीण जन दहशत के साये में जीने को विवश हो गये हैं। वहीं वन विभाग चाह कर भी हाथियों के आतंक, जनहानि और इनके तांडव को नहीं रोक पा रही है। वहीं प्रशासन द्वारा मुआवजे के बदले इन्हें आश्वासन की घुट्टी पिलायी जाती है। इधर ग्रामीणों वन विभाग और स्थानीय प्रशासन से हाथियों के उत्पात से प्रभावित भुक्तभोगी परिवारों को मुआवजा की भुगतान हाथों हाथ करने की मांग किया।


## प्रति वर्ष लाखों के घर और फसल बर्बाद

हाथियों द्वारा ग्रामीणों के प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये के घर और फसल बर्बाद कर दिया जाता है। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल अब तक नही किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में प्रशासन एवं विभाग के प्रति रोष व्याप्त है।

## क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों का कहना है कि वे लोग प्रत्येक वर्ष अपने खेत में हाड़ तोड़ मेहनत करके खून पसीने की कमाई से फसल लगाते हैं मगर हाथियों द्वारा हर साल फसलों को रौंद दिया जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि वन विभाग सिर्फ हाथी भगाने के नाम पर खानापूर्ति करती है। और जिस समय हाथी नुकसान पहुंचाता है,उसी समय वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों से सहानुभूति दिखाया जाता है। बाद में आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता।

# इटकी में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से बिजली उपभोक्ता परेशान




आजाद सिपाही संवददाता

**इटकी।** इटकी में विभागीय अधिकारियों की लापरवाही से बिजली के उपभोक्ता परेशान। इन दिनों अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ता परेशान है। वही क्षेत्र के कुटिर और बड़े उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं बिजली की अवाजाही से किसान फसलों को समय से पटवन नहीं कर पा रहे है, जिससे किसानों को मौसम की गर्मी की तपीस से मुरझाने लगे है। इधर शाम करीब चार बजे आर्दश नगर में अजीम प्रेमजी फाउन्डेशन का कार्य करने पहुंचे मशीन ग्यारह हजार हाई वोल्टज संपर्क गया, जिससे तार क्षतिग्रस्त होकर गिर गये। जिससे इटकी क्षेत्र में घंटों बिजली आपूर्ति ठप हो गयी। हलांकि विद्युत कर्मी छतिग्रस्त तार को दुरुस्त करने में जुट गये है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गयी थी। क्षेत्र में अनियमित बिजली आपूर्ति के कारण पर विद्युत कर्मियों ने बताया कि हटिया ग्रिड में कार्य चल रहे है। जिससे क्षेत्र में बारह अप्रैल तक बिजली आपूर्ति की स्थिति ऐसे ही रहेगी।

# विधायक ने 174 आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया स्मार्टफोन

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की पहल पर मंगलवार को नामकुम प्रखंड मुख्यालय में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में 174 आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर नामकुम बीडीओ विजय कुमार, नामकुम सीओ कमल किशोर सिंह, सीडीपीओ सबिता कुमारी वर्मा, रांची जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रमेश पांडेय, प्रमुख आशा कच्छप, उपप्रमुख वीणा देवी, और कांग्रेसी नेता माधो कच्छप समेत कई लोग उपस्थित थे।

विधायक राजेश कच्छप ने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में आंगनबाड़ी सेविकाओं को तकनीकी रूप से सशक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। यह स्मार्टफोन उनके कार्य को अधिक प्रभावी बनाएंगे और बच्चों तथा माताओं की सेवा में गुणवत्ता का नया आयाम जोड़ेंगे। उन्होंने सेविकाओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें दोगुने उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, विधायक प्रतिनिधि एतवा मुंडा, पंसस कल्याण लिंडा, समाजसेवी संतोष कुमार बड़ाईक, पंचू तिर्की, दिनेश चंद्र प्रमाणिक समेत बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित रही। इस पहल को लेकर सेविकाओं में उत्साह देखा गया, जिन्होंने कहा कि स्मार्टफोन मिलने से अब वे सरकारी योजनाओं की जानकारी और अपने कार्यों की रिपोर्टिंग अधिक सरलता से कर सकेंगी।

## कामडारा में जाली नोट से खरीदारी के मामले में फरार एक अभियुक्त गिरफ्तार



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा जाली नोट के मामले पर फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया गुमला जेल। उक्त आशय की जानकारी कामडारा के थाना प्रभारी शशि प्रकाश ने मंगलवार को दी। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि वर्ष 2024 के दिसंबर माह मे थाना क्षेत्र के अंतर्गत बकसपुर मोड़ के पास दो लोग चिंटू कुमार और राहुल कुमार को जाली नोट के साथ खरीदारी करते हुए पकड़ाया था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दी गयी। जबकि इसी जाली नोट के धंधे संलिप्त एक आरोपी नीरज कुमार उम्र 42 वर्ष, पता यमुना नगर,थाना सुखदेवनगर, जिला रांची निवासी भाग निकला था। जिसे पुलिस ने सोमवार की रात में घर जाकर गिरफ्तार उसे किया।वहीं मंगलवार को उसे न्यायिक हिरासत मे गुमला जेल भेज दी गयी।

## 16 लाभुकों के बीच बकरा और बकरियों का वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित पशु चिकित्सालय मे मंगलवार को पशुधन योजना के तहत लाभूको के बीच पशुओं का वितरण किये जाने को लेकर एक शिविर का आयोजन किया। वहीं आयोजित इस शिविर मे वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन कामडारा बीडीओ जोसेफ कंडूलना और प्रखंड प्रमुख सुनील के द्वारा की गयी। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आये कुल 16 लाभार्थियों के बीच प्रत्येक लाभूको को एक बकरा और चार बकरियां दी गयी। वहीं बीडीओ ने लाभुकों से कहा कि अच्छी तरह से पशुओं की देखभाल करें और अपनी आमदनी बढ़ाये, ताकि आप आर्थिक रुप से मजबूत बन सके। इस शिविर मे सभी पशुओं को वैक्सीन लगाने के बाद लाभुको के बीच पशुओं की उचित देखभाल के लिये नि:शुल्क दवा का वितरण भी किया गया। इस दौरान कामडारा के पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मधू कुमारी, पारा भेट मोनू देमता, भुवनेश्वर साहु,राजु राम, जेम्स आईंद, समीर केरकेट्टा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## रसोइया का चयन की प्रक्रिया पर सवाल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलबीरा में मंगलवार दिन के 2 बजे ग्रामीणों द्वारा गलत तरीके से रसोइया का चयन किया गया। मौके पर शिक्षा विभाग के पदाधिकारी और झारखंड प्रदेश रसोइया संयोजिका गुमला जिला की अध्यक्ष देवकी देवी और सदस्य उपस्थित थे। जहां ग्रामीणों ने मनमाने ढंग से रसोइया का चयन किया। मौके पर देवकी देवी ने कहा जिस तरह 2018 से लेकर अभी तक जिस रसोईया का उम्र 60 साल हो गया है उनके परिवार के ही एक सदस्य को काम पर रखा जाये। यदि विद्यालय के शिक्षक ऐसा नहीं करते हैं तो शिक्षक को 2004 से रसोईया को न्यूनतम वेतन देना होगा। यदि ग्रामीण ऐसा करते हैं तो रसोईया को जब तक जीवित रहेगी तब तक खाना पीना बीमार पड़ने पर इलाज और उसकी मौत हो जाने पर उसके क्रिया कर्म का खर्च उठाना पड़ेगा। यदि विभाग द्वारा किसी अन्य को रसोइया की जिम्मेदारी दी जाती है तो विभाग को उसका पूरा खर्च उठाना पड़ेगा, क्योंकि प्रतिमाह 2000 के वेतन में रसोईया एक रुपया भी बचत नहीं कर पाते हैं। इसलिए 2018 से जिन भी रसोईया का 60 साल पूरा हो चुका है उनके परिवार के लोगों को ही काम पर रखा जाए। कुलबीरा गांव में गलत तरीके से रसोइया का चयन हुआ है उसे रद्द किया जाये। ऐसा नहीं किये जाने पर संगठन आगे की कार्रवाई के लिए बाध्य होगी।

## फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड का 'जमशेदपुर डिस्प्ले मेला' 12 अप्रैल को



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड की एक बैठक मोदी पार्क में आयोजित की गयी। मंगलवार को बैठक में आगामी 12 अप्रैल (शनिवार) को होने वाले एक दिवसीय जमशेदपुर डिस्प्ले मेला का आयोजन सफल बनाने के लिए विस्तार से चर्चा की गयी। मौके पर फोटोग्राफर सोसाइटी के अध्यक्ष सुमन शर्मा ने बताया मेला का आयोजन शनिवार को (सुबह 10 बजे से संध्या 6:00 बजे तक) बाराद्वारी स्थित एक होटल में किया जायेगा। मेला में देश की जानी-मानी एल्बम कंपनियां, लेंस कंपनियां और एक्रेलिक फ्रेम निर्माता अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगी। फोटोग्राफरों के लिए आयोजित नि:शुल्क कार्यशाला में पेशेवर फोटोग्राफर को शादी समारोहों में ब्राइड और ग्रूम की लो-लाइट फोटोग्राफी के बेहतरीन तकनीकों की जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा फोटोग्राफर सोसाइटी ऑफ झारखंड के द्वारा आयोजित एक दिवसीय वर्कशॉप में फोटोग्राफरों को एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

# डुमरी के कोठी गांव के 87 लोगों का आधार कार्ड नहीं हुआ अपडेट

### साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में डीडीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निवारण हेतु आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण दिवस में उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो की अध्यक्षता में आम जनों के विभिन्न मुद्दों की सुनवाई की गयी। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को उप विकास आयुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं अश्वासन दिया कि उनके सभी शिकायतों की जल्द से जल्द जांच कराते हुए शिकायतों का समाधान किया जायेगा।

डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत अंतर्गत कोठी गांव के ग्रामीण द्वारा आवेदन दिया गया कि उनके गांव में लगभग 87 लोगों का आधार कार्ड अपडेट करवाना है। इस कार्य हेतु गांव में एक शिविर का आयोजन किया जाये। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारी को उचित कार्रवाई हेतु निर्देश दिये हैं।

जैरागी पंचायत अंतर्गत गालू गांव में कच्ची सड़क है। जिसके कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में सड़क निर्माण कार्य हेतु आवेदन दिया गया। इस समस्या को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।

ग्राम पंचायत पुगु के विजयनगर टोला में लगभग 18 परिवार निवास करते हैं। इस टोले में पेयजल की समस्या है। इस टोले में नल-जल योजना अंतर्गत चापानल लगवाने हेतु आवेदन दिया गया। इस संबंध में जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया।

इसके अतिरिक्त आज के जन शिकायत निवारण में मुख्य रूप से भूमि अतिक्रमण, रोजगार, मंईया सम्मान योजना की राशि, राशन नहीं मिलने की समस्या, सड़क, नाली, डीप बोरिंग, दिव्यांग हेतु बैटरी चालित साइकिल, राशन कार्ड में नाम जोड़ना, आश्रित को नौकरी, हाइ टेंशन बिजली का तार हटाने हेतु आवेदन आये। आज उप विकास आयुक्त ने लगभग 30 से अधिक आवेदकों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। जन शिकायत में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उप विकास आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को अग्रसारित कर सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन करते हुए समस्याओं का समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया।

## भोक्ता और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड के हापामुनि गांव में भोक्ता और महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा महामाया मंदिर परिसर से शुरू होकर केलाझरिया स्थित नदी तक पहुंची। जहां आचार्य श्रीकांत त्रिपाठी महाराज द्वारा वैदिक मंत्रउच्चार के साथ कलश में जल भरी करायी गयी। वही कलश यात्रा पुनः महामाया मंदिर का परिक्रमा कर देवरिया बाबा के परिसर होते हुए महादेव चबूतरा तक पहुंचा। जहां शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। रुद्राभिषेक सहित कई पूजा अर्चना की गयी। कलश यात्रा में भोक्ता, महिलाएं और बच्चिया शामिल हुई। एक बार बोल शिरोमणि महेश हर हर महादेव के जयकारे से पूरा वातावरण गुंजमान हो उठा। मौके पर उपस्थित लोगों में प्रोफेसर अवध मनी पाठक, राजेश मणि पाठक, मुकेश मनी पाठक, मिथिलेश मनी पाठक, निलेश मनी पाठक, अजीत मनी पाठक, पुरुषोत्तम मनी पाठक, प्रदीप मनी पाठक, भरत मिश्रा, पूर्व मुखिया आदित्य भगत, प्रधान उरांव, अर्जुन साहू, रविंद्र महली, सुनील भगत, महादेव उरांव सहित कई भोक्ता महिलाएं और बच्चियां शामिल हुई।

## जरूरतमंदों को आवास योजना से जोड़ें : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ दिनेश कुमार ने संचालित सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक किया। बैठक में बीडीओ दिनेश कुमार ने मनरेगा अंतर्गत मजदूर की संख्या में वृद्धि करने एवं बीपीओ को मनरेगा योजना अंतर्गत संचालित योजनाओं का पंचायत सचिव और रोजगार सेवक के साथ प्रत्येक दिन समीक्षा करने का आदेश दिया। साथ ही आवास योजना अंतर्गत अबुआ आवास के लाभुको को जिनका राशि भुगतान हो गयी है वैसे लाभुकों से संपर्क करते हुए आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कही। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास प्लस 2.0 का सर्वे कार्य 30 अप्रैल तक निर्धारित की गयी है। जरूरतमंद लोगों को आवास योजना से जोड़ने का सभी पंचायत सचिव और सर्वेयर को निर्देश दिया। पीवीटीजी पीएम जनमन आवास योजना अंतर्गत प्रथम द्वितीय और तृतीय किस्त का जियो टैग करने के साथ-साथ त्वरित भुगतान करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही पीएम जनमन अंतर्गत तृतीय किस्त प्राप्त लाभुकों से पंचायत सचिव संपर्क करते हुए आवास कार्य को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। मौके पर बीपीआरओ शंकर साहू, बीपीओ बेबी कुमारी, प्रदीप कच्छप, कृषि पदाधिकारी शंकर खेरवार, कनीय अभियंता पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, पंचायत सहायक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अलग-अलग पंचायतों में दो लोगों ने की आत्महत्या

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना छेत्र के दो अलग अलग पंचायतों में दो लोगो के द्वारा आत्महत्या किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पहली घटना अंबवा पंचायत के सुरसुरिया गांव का है। जहां 50 वर्षीय महावीर गोप ने अपने घर के आंगन में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुच कर शव को कब्जे में लेकर यूडी का मामला दर्ज करते हुए घटना की छानबीन में जुट गयी। पूरे मामले की जानकारी देते हुए मृतक का भतीजा प्रवेश गोप ने बताया कि उसके चाचा अक्सर शराब का सेवन करते थे। काफी मना करने के बाद भी वे किसी का नही सुनते थे। दूसरी घटना बड़ा पसंगा गांव की है। जहां जवरू उरांव ने सोमवार को देर रात घर में प्लास्टिक की रस्सी से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। जवरु के परिजनों के मुताबिक उसकी मानसिक स्थिति कुछ दिनों से ठीक नहीं रह रहा था। सोमवार को वह अचानक आत्महत्या करने का कदम उठा लिया।

## 'नमन' परिवार ने मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** 'नमन' संस्था के द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत अमर शहीद मंगल पांडेय के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी, पत्रकार, राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। मौके पर संस्था के संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले ने कहा जब तक जान है, मंगल पांडे जैसे बलिदानी का जयघोष करता रहूंगा। मौके पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता रविंद्र झा ने कहा अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने वाले नायक का नाम है मंगल पांडे। वही कार्यक्रम में शामिल वक्ताओं ने मंगल पांडे के बलिदान से प्रेरणा लेने और युवाओं को उनके आदर्शों पर चलने का संदेश दिया। अंत में भारत माता की जय और मंगल पांडे अमर रहें के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। धन्यवाद ज्ञापन जूगुन पांडे ने की। मौके पर वरुण कुमार, कुसुम पूर्ति, बृजभूषण सिंह,नीरू सिंह, रश्मि साहू, लता सिन्हा सहित शहर के कई समाजसेवी एवं सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## टाटा स्टील को आठवीं बार मिला स्टील सस्टेनेबिलिटी चैंपियन का खिताब



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील को विश्व इस्पात संघ के द्वारा लगातार आठवीं बार 'स्टील सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन रूप में मान्यता दी गयी। टाटा स्टील को स्टील सस्टेनेबिलिटी चैम्पियन 2025 का सम्मान ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में आयोजित वर्ल्डस्टील की विशेष आम बैठक में प्रदान की गयी। टाटा स्टील के सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन ने कहा यह सम्मान हमारे सतत इस्पात निर्माण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक है।टाटा स्टील नवाचार, संसाधन दक्षता और हरित भविष्य के लिए कार्यरत हैं। यह मान्यता उन कंपनियों को दी जाती है जो वर्ल्डस्टील सस्टेनेबिलिटी चार्टर पर हस्ताक्षर करती हैं।साथ ही पर्यावरण, सामाजिक उत्तरदायित्व और शासन में उत्कृष्टता प्रदर्शित करती हैं। वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन दुनिया की सबसे बड़ी इस्पात संगठनों में से एक है। जो वैश्विक इस्पात उत्पादन का लगभग 85% प्रतिनिधित्व करता है।

## डूमरटोली गांव में बजरंगबली मंदिर की दूसरी वर्षगांठ पर निकली कलश यात्रा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** रायडीह प्रखंड के अंतर्गत नवागढ़ डूमरटोली ग्राम में बजरंगबली मंदिर के द्वितीय स्थापना दिवस पर कलश जल यात्रा के साथ दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान मंगलवार दिन के 2 बजे से प्रारंभ हो गया है। बजरंगी युवा समिति क्लब डूमर टोली के द्वारा यह अनुष्ठान कराया जा रहा है। नवागढ़ पंचायत सचिवालय के समीप सर्व प्रथम बैगा दीपक नगेसिया ने पारंपरिक रूप से पूजा किया। तत्पश्चात आचार्य नरसिंग होता ने वैदिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कराया। उसके बाद महिलाओं का कलश जल यात्रा आरम्भ हुआ। जो एसएसहाइ स्कूल, बाजार टांड़, एनएच 43 भंडार टोली होते हुए डूमरटोली कार्यक्रम स्थल पहुंचा। इस दौरान जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी का गगनभेदी जयघोष किया जा रहा था। यहां पुनः पूजा के उपरांत चौबीस घंटे का अखंड हरि कीर्तन प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद बड़ाईक, आनंद कुमार गुप्ता, विष्णु साहू, गणेश बड़ाईक सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## वेल्डिंग करते समय बाइक में लगी आग

**रायडीह / गुमला (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय रायडीह स्थित बैंक ऑफ इंडिया के बगल में स्थित एक वेल्डिंग दुकान में सोमवार के दोपहर में मिस्त्री द्वारा एक मोटरसाइकिल में वेल्डिंग के क्रम में आग लग गयी। देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गयी और धुं-धु कर जलकर राख हो गया। यह राजदूत मोटरसाइकिल सिपरिंगा ग्राम निवासी लहरू मुंडा की थी। जो बहुत पुराना वाहन था। इस संबंध में थाना में कोई प्राथमिकी दर्ज नही हुआ है। नुकसान को लेकर वेल्डिंग दुकानदार और वाहन मालिक के बीच समझौता हो गया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय** प्रपत्र संख्या-1
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया**

**ई- निविदा**

निविदा संख्या :- 03/JMT/2025-26 दिनांक 08-04-2025

| क्र0 स0 | विवरणी: कार्य का नाम | विस्तृत विवरणी: प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रिम जमानत की राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Left out work for Construction of 6.0 M dia R.C.C. Intake well cum pump house, Gangway 50 mtr. length and 3.00 mtr. wide, 3.5 MLD capacity Water Treatment Plant, 3 No. ESR, Compound wall, Approach road, Railway crossing, Supplying and laying Raw/Clear Water rising main & Laying Distribution Network, , Supplying and Installation of Vertical turbine and Centrifugal pump motor, and Five years Operation and Maintenance with allied works etc. all complete job for **HARIODIH Rural Water Supply Scheme** under Drinking Water & Sanitation Division, Jhumritelaiya on turnkey basis. for the year 2025-26 | 2086.96798 | 20.86 | 10,000/- | 18 Months + 3 months (trial and run) |
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :- | 19-04-2025 at 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 3 | निविदा के पूर्व बैठक की तिथि एवं समय | 24-04-2025 at 1.00 अपराह्न, अभियंता प्रमुख, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय :- | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सू चना प्रौद्योगिकी एवं ई- गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05-05-2025 को 5.00 बजे अपराह्न | | | |
| 6 | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- | 07-05-2025 को 3.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बीड खोलने का स्थान :- | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम :- | ई0 अनुज कुमार सिन्हा, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करनेवाले कार्यालय का :- | 08002536460, **Email-id eedwsd.jhumaritellaiya@gmail.com** | | | |
| 10 | ई प्रोक्युरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं0 | 0651-2480345 | | | |

- परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है।
- स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा की जा रही है। कार्यादेश स्वीकृति के उपरान्त ही निर्गत किया जायेगा।
- विस्तृत विवरणी बेबसाईट **http://jharkhand tenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया।

जल ही जीवन है !स्वच्छता प्राण है !

PR.NO. 349939 Drinking Water and Sanitation(25-26):D





# लखनऊ ने कोलकाता को चार रन से हराया



एजेंसी

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स ने आइपीएल 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स पर 4 रन की रोमांचक जीत हासिल की है। यह कोलकाता की उसके घरेलू मैदान पर लगातार दूसरी जीत है। टीम को पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 7 विकेट से हराया था। मंगलवार को इडन गार्डन्स स्टेडियम में 239 रन का टारगेट चेज कर रही कोलकाता की टीम 20 ओवर में 7 विकेट पर 234 रन ही बना सकी। रिंकू सिंह 15 बॉल पर 38 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान अजिंक्य रहाणे ने 61 और वेंकटेश अय्यर ने 45 रन बनाए। दोनों ने 40 बॉल पर 71 रन की साझेदारी की। यह साझेदारी टूटते हुए कोलकाता की टीम बिखर गयी। आकाश दीप और शार्दूल ठाकुर को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही लखनऊ ने 20 ओवर में तीन विकेट पर 238 रन बनाये। निकोलस पूरन 36 बॉल पर 87 रन बनाकर नाबाद बनाये। मिचेल मार्श ने 81 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। ऐडन मार्करम ने 47 रन बनाए। हर्षित राणा ने 2 विकेट झटके। एक विकेट आंद्रे रसेल को मिला।

## आरसीबी कप्तान पर 12 लाख का जुर्माना

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के लिए 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आइपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि इस सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम का पहला स्लोओवर रेट है। इसलिए नियम के अनुच्छेद 2.2 के अंतर्गत कप्तान रजत पाटीदार पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 09 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# बीसीसीएल सीएमडी ने एनीटाइम फिटनेस सेंटर का किया उद्घाटन




**विशेषज्ञ प्रशिक्षकों, आधुनिक उपकरणों और एक प्रेरक वातावरण से सुसज्जित जिम से लाभान्वित होंगे धनबाद वाशीः अमरेश सिंह**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एनीटाइम फिटनेस सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी समीरण दत्ता एवं रामावतार ग्रुप के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी भाजपा नेता अमरेश सिंह ने संयुक्त रूप से किया। सीएमडी समीरण दत्ता ने एनीटाइम फिटेस्ट सेंटर को धनबाद में केंद्र खोलने के लिए बधाई दी और बताया कि एनीटाइम फिटनेस सेंटर सभी के स्वास्थ्य को फिट रहने में सही दिशा निर्देशित करेंगे। अमरेश सिंह ने बताया की एनीटाइम फिटनेस सेंटर के विशेषज्ञ प्रशिक्षकों आधुनिक उपकरण और एक प्रेरक वातावरण युक्त स्थान वाले इस धनबाद में खुलने से स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने वाले लोग लाभान्वित होंगे। एनीटाइम फिटनेस सेंटर के 40 कंट्रीज और सात कॉन्टिनेंट में 5500 जिम संचालित है। इस समारोह में कंपनी के विक्रांत श्रीवास्तव, जनता मजदूर संघ के सिद्धार्थ गौतम आरआरई के निदेशक सुशील सिंह, राम अवतार ग्रुप के अरविंद सिंह आदित्य सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बाघमारा सीओ पर जमीन की हेराफेरी करने का लगा आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** बाघमारा अंचल कार्यालय में मंगलवार को ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सह आरटीआइ कार्यकर्ता जगत महतो ने पत्रकार वार्ता का आयोजन कर बाघमारा अंचलाधिकारी बाल किशोर महतो पर जमीन कि हेरा फेरी करने का बड़ा आरोप लगाया है। राजगंज मौजा अंतर्गत खाता संख्या 614, प्लाट 1767, कुल रकवा 15 डिसमिल में से राजमनी देवी, पति गोपाल चंद्र रवानी ने 13 डिसमिल खरीदा है, जिसका दाखिल-खारिज वाद संख्या 1184/2008-09 है। परंतु वर्तमान सीओ बाल किशोर महतो इस जमीन को ऑनलाइन प्रविष्टि करने के दौरान इसे खाता संख्या 621 में 13.8 डिसमिल राजमनी देवी, पति गोपाल चंद्र रवानी को दर्ज किया है, इसका भी दाखिल-खारिज बाद संख्या 1184/2008-09 ही है, जो नियम संगत नहीं है। अतः सीओ ने राजमनी देवी को 13 डिसमिल जमीन को दो अलग अलग खाता 614 और 621 में कुल रकवा 26.8 डिसमिल चढ़ा कर उसकी जमीन को दुगुना कर अनुचित लाभ पहुंचाया है। सीओ बाल किशोर महतो पूर्ण रूप से भू-माफिया और बिचौलिया इशारे पर कार्य कर रहे हैं और उनलोगों के कहने पर ही बाघमारा अंचल के जमीनो का बड़े पैमाने पर हेरा-फेरी कर रहे है। इसके बदले में लाखो रुपया का अवैध वसूली करने में लगे हैं। महतो ने एक और जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में चक्रधरपुर में तत्कालीन अंचल अधिकारी के पद पर रहने के दौरान भी जमीन की हेरा फेरी करने के कारण चाईबासा के उपायुक्त के अनुशंसा पर झारखंड सरकार ने बालकिशोर महतो को निलंबित कर दिया था। उन पर भूमि सुधार न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करने का आरोप लगा था। इस मामले में उन्होंने धनबाद उपायुक्त और मुख्यमंत्री से लिखित शिकायत कर उचित कार्रवाई और उसका वेतन रोकने की मांग भी कि है। वही बाघमारा सीओ बालकिशोर महतो ने कहा कि इतनी बड़ी गड़बड़ी और चूक कैसे हुई है इसकी जानकारी नहीं है, लेकिन मामले की निष्पक्षता से जांच पड़ताल कराई जायेगी और जो भी इसमें दोषी पाये जायेंगे उन पर विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। प्रेस वार्ता और धरना के दौरान उपस्थित रैयतों ने बाघमारा सीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए झारखंड सरकार से सीओ बाल किशोर महतो की बर्खास्तगी की मांग की। मौके पर विकास महतो, शंकर महतो, विकास रजवार, प्रदीप रजवार, गांधारी देवी, मुसीब अख्तर खान, परमेश्वर महतो, बिन्देश्वर नापित, भुवन महतो सहित अन्य रैयत उपस्थित रहे।

हनुमान जन्मोत्सव पर भारत विकास परिषद कार्यक्रम आयोजित करेगा

# राममंदिर में होगा संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारत विकास परिषद, धनबाद मुख्य शाखा ने 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर श्री राम मंदिर, जोड़ा फाटक रोड, धनबाद में एक भव्य आयोजन, संगीतमय सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का पाठ के कार्यक्रमों के संदर्भ में गोल बिल्डिंग के समीप एक रेस्तरां में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष किशन गोयल ने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए धनबाद के प्रमुख सभी अखाड़ों, सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं और चैंबर को निमंत्रित किया गया है और अभूतपूर्व हनुमान जन्मोत्सव मनाने का विचार है। संजय जैन ने बताया गया कि हनुमान जी के आशीष की आवश्यकता हम सब सनातनियों को है क्योंकि वह आज भी विद्यमान है। प्रेस कांफ्रेंस में प्रमुख रूप से किशन गोयल अध्यक्ष, सुदीप चक्रवर्ती सचिव, पवित्र तुलस्यान कोषाध्यक्ष, योगेंद्र तुलस्यान ट्रस्टी, संजय जैन ट्रस्टी, रमेश रिटोलिया वरिष्ठ सदस्य, पंकज सिंह कार्यकारी अध्यक्ष सोमनाथ पूथी पूर्व अध्यक्ष उपस्थित थे।

# तंत्र को मजबूत कर मादक पदार्थ बेचने वालों की पुलिस को दें सूचनाः एडीएम

**जानकारी के बाद भी अफीम की खेती की सूचना नहीं देना है गुनाह ग्रामीणः एसपी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** एडीएम लॉ एंड आर्डर पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में नेशनल नार्कोटिक्स कोर्डिनेशन (एनकोर्ड) की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर एडीएम ने सभी विभागों को सूचना तंत्र मजबूत कर, पान गुमटी के आसपास गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले की सूचना पुलिस को देने, कोटपा 2003 अभियान में पुलिस फोर्स को लेकर अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि जिले में कहीं भी अफीम की खेती होने की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस को जानकारी दे। जानकारी होने के बाद भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा सूचना नहीं देना गुनाह है। एनकोर्ड में इसमें छह महीने की सजा का प्रावधान है। बैठक में एडीएम ने नशे की गिरफ्त से बच्चों, किशोरों और युवाओं को दूर रखने पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने नशीली वस्तुओं की बिक्री पर नियंत्रण लगाने के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, सहायक आयुक्त उत्पाद राम लीला रवानी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पांच दिवसीय लीडरशिप मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भारत सरकार की विकेंद्रित शासन व्यवस्था और ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल पंचायती राज्य मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आइआइटी आइएसएम धनबाद में पांच दिवसीय लीडरशिप मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, उड़िशा, असम, अंडमान, निकोबार, द्वीप समूह और झारखंड जैसे विभिन्न राज्यों से 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर जागरूकता और सक्षम नेतृत्व का विकास करना है।

# नगर आयुक्त ने हरि झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना

**धनबाद (आजाद सिपाही)। प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर नगर आयुक्त ने किया रवाना, नगर निगम से मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के सर्वे कार्य के प्रचार प्रसार के लिए प्रचार वाहन रवाना किया गया। प्रचार वाहन को नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि चार वाहन को विदा किया गया है। जिसके माध्यम से ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना के कई नए नियम और शर्तों मालूम होगी, साथ ही इसके लाभार्थियों को भी कई जानकारी मिलेगी। जिससे वह आसानी से इसका लाभ ले पायेंगे और बिचौलियों से बच पायेंगे।**

# भूलन बरारी में सीआइएसएफ ने की छापामारी, 25 टन कोयला जब्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/जोड़ापोखर।** भूलन बरारी कोलियरी के टेन सीम पुल के समीप भाटडीह जंगल में मंगलवार को सीआइएसएफ के समादेष्टा भीए चौधरी के नेतृत्व में जवानों ने छापामारी कर लगभग 25 टन अवैध कोयला जब्त किया है। बताते है कि क्षेत्र के कोयला चोर कोलियरी क्षेत्रों से कोयले की चोरी कर बोरे में भरकर जंगल में छिपाकर तस्करी को जमा करके रखा था। जिसकी सूचना मिलने के बाद सीआइएसएफ जवानों के टीम ने छापामारी कर कोयले को जब्त कर कोलियरी प्रबंधन को सौंप दिया है। सीआइएसएफ द्वारा की गयी छापेमारी के बाद कोयला चोरों में हड़कंप मच गया है। छापेमारी में निरीक्षक विजय कुमार शर्मा एवं मोहित कुमार थे।

# पतित पावन हनुमान मंदिर केशलपुर कोलियरी का वार्षिकोत्सव संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता



**कतरास।** पतित पावन हनुमान मंदिर केशलपुर कोलियरी के वार्षिक महोत्सव और रामनवमी के अवसर पर आयोजित 24 घंटे का अखंड हरी कीर्तन मंगलवार को पुजन, हवन, महाआरती और महाभंडारा के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान महाआरती में भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ मंदिर प्रांगण में उमड़ी। इसके पूर्व पंडित वेदव्यास, रामकुमार पांडेय सहित अन्य ब्राह्मनों ने वेदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पुजन आरती और हवन करवाया. तदोउपरांत लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। वहीं महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान के रूप में सामाजिक कार्यकर्ता कृष्णा राजवंशी और उनकी पत्नी है। मौके पर महेंद्र सिंह, झामुमो नेता राजेंद्र प्रसाद राजा, संतोष सिंह, झीझीपहाडी के पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, मुखिया प्रतिनिधि सह समाजिक कार्यकर्ता गणेश महतो, जशू सिंह, पत्रकार राम पाण्डेय, रविंद्र यादव, दिगंबर सिंह, संजय सिंह, कृष्णा राजवंशी, विनोद महतो, जीरा सिंह, अनुज रजक, पंकज सिंह, अशोक सिंह, संजीत खत्री, आकाश सिंह, पटल महतो आदि मौजूद थे।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली की 'दस्तक योजना' के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमारी, सचिव मीनाक्षी कुमारी, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह और संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केंद्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नयी दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उदेश्य से 'दस्तक योजना' बनायी गयी है, जो काफी लोकप्रिय है।

# रेल मंडल ने चलाया मेगा टिकट चेकिंग अभियान, 1128 यात्रियों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विभिन्न खंडों के साथ-साथ धनबाद, गोमो, कोडरमा, बरकाकाना, डाल्टनगंज स्टेशनों में भी गहन टिकट चेकिंग की गयी। इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप कुल 1128 यात्रियों को पकड़ा गया। इस जांच अभियान में बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गये सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों से 05 लाख 98 हजार 570 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गयी और उन्हें कड़ी हिदायत दी गयी। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया। धनबाद मंडल द्वारा निरंतर टिकट जांच की जा रही है और आगे यह जारी रहेगी । इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है ताकि वे टिकट लेकर यात्रा करें और उचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले यात्रियों को बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के कारण किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

एडीएम लॉ एंड ऑर्डर ने जनता दरबार का आयोजन कर लोगों की सुनी शिकायतें

# महिला ने की शिकायत, पीडीएस डीलर ने राशन कार्ड में कर दिया गलत आधार सीडिंग

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पीयूष सिन्हा ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन कर विभिन्न लोगों की शिकायतें सुनी। जनता दरबार में झरिया की एक महिला ने बताया कि विगत कुछ वर्षों से कालीमेला स्थित पीडीएस डीलर द्वारा राशन नहीं दिया जा रहा है। पूछने पर डीलर ने बताया कि उनका राशन कार्ड बंद कर दिया गया है। जांच पड़ताल करने पर पता चला कि उनके राशन कार्ड में डीलर ने किसी अन्य व्यक्ति का आधार सीडिंग कर दिया है। जिससे महिला के राशन कार्ड पर हर महीने कोई गलत व्यक्ति द्वारा राशन उठाया जा रहा है। एडीएम ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मामले की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। गोविंदपुर से आए एक व्यक्ति ने एडीएम को बताया कि वह कोलकाता में नौकरी करता है। जयनगर मौजा में उनकी जमीन का अधीग्रहण किया गया है। जिसका मुआवजा वर्षों से लंबित है। एडीएम ने तुरंत अंचल अधिकारी गोविंदपुर को फोन किया। अंचल अधिकारी ने बताया कि चार दिन पहले ही सारी प्रक्रिया पूरी कर कागजातों को भू-अर्जन कार्यालय भेज दिया है। जबकि भू-अर्जन कार्यालय ने बताया कि अब तक कागजात प्राप्त नहीं हुए हैं। इसके बाद एडीएम ने पुनः अंचल अधिकारी को फोन किया, तब पता चला कि अंचल के प्रधान लिपिक ने फाइल को रोक रखा है। इस पर एडीएम ने प्रधान लिपिक को शोकोज करने और शीघ्र पीड़ित व्यक्ति को भुगतान कराने का निर्देश दिया। ऐसा ही एक दूसरा मामला कतरास से आया। कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि राजगंज से लोहापट्टी एनएच 32 निर्माण में उनकी जमीन का अधिग्रहण किया गया है। परंतु अब-तक मुआवजा नहीं मिला है। एडीएम ने बाघमारा के अंचल अधिकारी से फोन पर बात कर शीघ्र मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया। वहीं गोविंदपुर के नगरकियारी स्थित भंडारडीह से आई महिला ने बताया कि अबुआ आवास लिस्ट में उनका नाम 11 वें नंबर पर है। एडीएम ने गोविंदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी को अयोग्य घोषित करने का आधार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा जनता दरबार में मैथन पावर लिमिटेड में वर्षों से काम करने के बाद काम से हटा देने, 9 महीने से सर्टिफाइड कॉपी उपलब्ध नहीं कराने, महावीर नगर में नाली निर्माण कराने, बीसीसीएल द्वारा ब्लास्टिंग करने से मकान क्षतिग्रस्त होने सहित अन्य शिकायत प्राप्त हुई। जनता दरबार में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा भी मौजूद थे।

चैंबर आफ कॉमर्स पुराना बाजार ने एमएस इंडिया रनर अप अंकिता बनर्जी को किया सम्मानित

# धनबाद की बेटियों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं, आगे बढ़ने के लिए उन्हें करें प्रेरित : अंकिता बनर्जी

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान, विजय सैनी, नवनीत रिटोलिया, जय प्रकाश केजिवाल, संजय पांडेय, दिनेश प्रसाद, इमरान अली, सरदार नारायण सिंह, सलाउद्दीन महाजन, गोपाल प्रसाद रियासत हुसैन, सुरेंद्र साव समेत अन्य सदस्यों ने नयी दिल्ली में 29 मार्च को आयोजित इंडिया के सबसे बड़े कंपीटीशन मिस एंड मिस्ट्रेस इंडिया कॉन्टेस्ट 2025 के नेशनल लेवल में भीजी एमएस इंडिया रनरअप का खिताब जीत कर धनबाद समेत झारखंड का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करने वाली अंकिता बनर्जी को डुमरियाटांड़ स्थित आवास में पुष्पगुच्छ देकर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही अंकिता को इस राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्राउन जितने कि प्रेरणा देने वाले अंकिता के पिता प्रीतम बनर्जी और गीताली बनर्जी को माला पहनाकर सम्मानित किया। अंकिता ने चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान समेत सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को उन्हें और उनके माता पिता को सम्मान देने के लिए आभार प्रकट कर हार्दिक धन्यवाद दिया। अंकित ने इस मौके पर कहा पुराना बाजार में मेरा बचपन बीता है पूरा पुराना बाजार मेरे घर जैसा है और आज घर के शुभचिंतकों से मुझे और मेरे माता पिता को मिले इस सम्मान से बहुत स्पेशल फील कर रही हूं। इससे मेरा मनोबल बहुत बढ़ा है और भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पधाओं में और कड़ी मेहनत कर बड़ी उपलब्धियां को प्राप्त करने का भरसक प्रयास एवं प्रयत्न करूंगी मेरे सफलता का पड़ाव अब शुरू हुआ है। अंकित ने कहा कि धनबाद की बेटियों में बहुत सारी प्रतिभाएं हैं उनके स्किल्स को पहचानिए और आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कीजिए। सभी के आशीर्वाद से मिस वर्ल्ड के ऑडिशन के लिए लेटर आया है। चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा पुराना बाजार की अंकिता ने सफलता का यह मुकाम हासिल कर हम पुराना बाजार वासियों समेत धनबाद और पूरे झारखंड का देश में नाम रोशन किया है यह हम सब के लिए बहुत गर्व की बात है। अंकिता बनर्जी के पिता प्रीतम बनर्जी का पुराना बाजार में वर्षों पुराना प्रतिष्ठित शोभा स्टोर प्रतिष्ठान है। कहा कि दुकानदार होते हुए भी अंकिता को राष्ट्रीय स्तर पर सफलता के लिए प्रेरित करने के लिए हम चैंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के सदस्य हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते है।

# 1.7 लाख नये आवेदन प्राप्त, 22-23 अप्रैल से योग्य लाभुकों को मिलेगी राशि

**ओड़िशा की उपमुख्यमंत्र प्रभाती परिडा ने की घोषणा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** सुभद्रा योजना से जो योग्य लाभार्थी पहले बाहर रह गये थे, उन्हें 22 और 23 अप्रैल को वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जायेगी। ओड़िशा की उपमुख्यमंत्र प्रभाती परिडा संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि हमें लगभग 1.7 लाख नये आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका डेटा दो अप्रैल को जिला मुख्यालयों को भेजा गया था। सर्वेक्षण के बाद, इन 1.7 लाख आवेदनकर्ताओं में से योग्य लाभार्थियों को 22 और 23 अप्रैल को वित्तीय सहायता राशि दी जायेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अब से कोई नये आवेदन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रभाती परिडा ने महिला स्व-सहायता समूहों के प्रभाव शीलता और पारदर्शिता को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण पुनर्गठन पहल की घोषणा की। इसके तहत ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर फेडरेशन में नेतृत्व परिवर्तन किए जायेंगे। भुवनेश्वर कलिंग स्टेडियम में योग महोत्सव में भाग लेने के बाद उपमुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि केंद्र सरकार ने पहले ही प्रत्येक परिवार को स्व-सहायता समूह में शामिल करने पर जोर दिया था, लेकिन पिछली सरकार के कार्यकाल में कई परिवारों को इसमें शामिल नहीं किया गया था।

## हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा, 10000 रुपये जुर्माना भी लगाया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। क्योंझर एडीजे कोर्ट की न्यायाधीश ममिता दास ने एक हत्या मामले की सुनवाई करते हुए वेस्टसिंहभूम जिला मंजहरी थाना अंतर्गत दुबिला गांव के आरोपी अमर सिंह बिरुआ (35) को आजीवन कारावास की सजा सुनायी। इसके अलावा 10,000 रुपये का जुर्माना और बिना जुर्माना अदा किये छह महीने के सश्रम कारावास की सजा भी सुनायी गयी है। 25 मार्च 2015 को बांसपाल प्रखंड के सुंडुरा गांव के रामचंद्र नायक बिना किसी को बताए घर से कहां चले गये थे। परिवार द्वारा काफी खोजबीन के बाद उनके बेटों ने बसंतपुर रोड पर पड़े उनके क्षत-विक्षत शव को पहचाना। 31 मार्च 2015 को मृत रामचंद्र के बेटे मन नाएक ने क्योंझर के नयाकोट पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज करायी। शिकायत के बाद पुलिस ने केस नंबर 13/15 और आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे अदालत में भेज दिया।

TATA MOTORS Connecting Aspirations
RISING AUTO WHEELS PVT. LTD.
NEW TATA MOTORS CAR SHOWROOM
NOW AT BOOTY MORE
Starting Price 4.99 Lakh Only
LARGEST SHOWROOM OF JHARKHAND
Showroom: Booty More, Beside Budhia Agency | Piskamore, Itki Road, Ranchi
E.M.O.: K.D. Road, Khelari | Main Road, Khunti | Surya Mandir, Bundu
09297928073/09153996278 sales@risingautowheel.com

BU Adding value since 2009
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 766, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN KOKAR, RANCHI-834 001 (JHARKHAND)
Mob. 93869-09008 / 0651-3554978
Email : balajee udyog@rediffmail.com

ANAL'S CAREER PLUS
Economics for JET by Anal Kumar
Courses Available
CSAT NET JPSC J-TET C-TET TGT NET
नये पाठ्यक्रम के अनुसार
ADMISSION OPEN
PISKA MORE, TEL MILL GALI, RANCHI-05
PHONE: 9334431753/ 9608311660 / 9504000077
www.careerplusedu.com

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी थोक विक्रेता
CERTIFIED GEMS
कोकर तिरिल रोड, रांची
Contact Us : 7488705225, 7992284114

प्रो. साधु जी 9262249347 8825349255 9097426633
!! ओम साईं राम !!
टीक फर्नीचर घर
फैन्सी फर्नीचर के विक्रेता एवं निर्माता
इंटीरियर डिजाइनिंग के लिए सम्पर्क करें।
नियर केनरा बैंक, एच.बी. रोड, कोकर, राँची (झारखण्ड)

Shreshtha Soni 7481000333
RATNA SAGAR
Wholesale & Retail :
रत्न उपरत्न, रूद्राक्ष, वास्तु सामग्री, हस्तरेखा एवं कुण्डली द्वारा तरक्की के सटीक उपाय
CERTIFIED GEMS, ORIGINAL RUDRAKSH, FENGSUI ITEMS

Shree Ratan Jewellers
Apni Manufacturing Company
पुराना सोना खरीद - बिक्री की जाती है
Contact Us : 9263983157, 7632913111
Add.: Lower Grand Floor, Shop No.- 7 R. Alis Grand Mall, Main Road, Ranchi - 834001

Mobile No.: 9608302205 PURE VET
7th Bites
Live Veg Cake
Kokar Tiril Road, Opp. Prasad Mart Ranchi - 834001 (Jharkhand)

FURNITURE GHAR PLUS
Deals In : Home Furniture | Office Furniture | Modular Kitchen | School Furniture | Kids Furniture.
CONTACT NOW : 8409679099
Near Surendranath School, Old H.B. Road, Dipatoli Ranchi Jharkhand - 834001

PSM AUTOMOTIVE HUB
"MULTIBRAND CAR SERVICE CENTRE"
GENERAL SERVICE
CAR WASH (FOAM WASH)
INTERIOR CLEANING
WHEEL ALIGNMENT/BALANCING
TEFLON COATING
AC GAS REFILLING
INSURANCE RENEWAL
ENGINE WORK
GENUINE PARTS AVAILABLE
SUMMER OFFER
H.B. Road, Kokar, Opp.- Jharkhand Cancer Hospital, Ranchi - 834001
72610 24907 73013 75193

DARSANI ASTROLOGY
Dr. V. Shankar P.G अब आपके शहर में
कुंडली से जुड़ी समस्यायों का पूर्ण समाधान
ASTROLOGY
M.A, M. Phill & Astrology, PhD
परामर्श शुल्क - 2100
पता : हिरा पन्ना जेम्स मेन रोड पहले सम्पर्क करें : 7004769566

RAVINDRA NATH ACADEMY
LIMITED SEATS
ADMISSION OPEN
TRANSPORT FACILITY AVAILABLE
BABY PRE-NURSERY TO CLASS X
MOB. 9905504970, 7992281709
BASUKI NAGAR, Haidar Ali, Road No.-10, Kokar, Ranchi

GULFAM KASHMIR HANDICRAFTS
Shawls, Suit, Blankets, Furniture & Gift Items
9608286786, 9431708786
R. Ali Grand Mall, M.G. Road, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

BOB Furniture
Sofa Bed, Almirah, Dressing & Center Table
Dahej Set @ 55000/-
Contact : 9279630961
G-5, Estate Plaza Behind, Mangal Tower Kantatoli, Ranchi (Jharkhand)

जयपुर रत्न मंदिर
जेम्स एण्ड ज्वेलर्स
होलसेल के भाव में खुदरा रत्न विक्रेता
CERTIFIED GEMS
ज्योतिषीय परामर्श उपलब्ध
बाबा टावर, गुरुद्वारा के सामने, मेन रोड, रांची (झारखंड)

SHANTI ENTERPRISES
Authorised Distributors
Deals in : All Type of home Appliances available here
70456 59822, 0651 3500469
308, 3rd Floor, Estate Plaza, Behind Mangal, Tower, Kantatoli, Ranchi

Guddu Soni
GUDDU ELECTRICALS
Repairing & Rewinding of all Types of Motors, Pumps, Fans & Geyser
7992372475, 9386422109, 8102406846
Industrial Area, Near Udyog, kokar, H.B. Road, Ranchi-1

POPKORN cinemas SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing
SIKANDAR
at Screen-1 (Sujata) Schedule For 07th April, 2025 onwards
Sikandar : 11.15, 2.00, 4.45, 7.30
at Screen-2 (Miniplex)
Sikandar : 10.15, 1.00, 3.45, 6.30
at Popkorn Cinemas
Sikandar : 10.00, 11.30, 12.30, 2.00, 3.30, 5.00, 6.30, 8.00

M.R. INDUSTRIAL ENTERPRISES
Furniture, Material Handling, Matters
Manufacture Of :- CRCA Products, Particle Board Products, Bunawat Products / Swing, MDF Products, Epoxy Coating Product, Stainless Steel Products
-: Contact Us :- +91 9304129368, 79797864572, 7004518458, 9931556455
www.mrichair.com mrikokar@gmail.com
Head Office : Industrial Area, Kokar
Branch Office : Hotel Gali, Vikrant Chowk.

LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता फैन्सी
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
7033265646
Coal Board Colony, Near Dy.SP Bunglow Police Line Hirapur, Dhanbad

NEON ENTERPRISES 8210108590 8789361453 8709790158
आधार सुधार
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

स्वामी आयुर्वेदिक सेन्टर
बाबा टावर, मेन रोड, गुरुद्वारा के सामने (नजदीक कश्मीर वस्त्रालय), राँची
मिलें हर रोज सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक (रविवार बंद)

ADMISSION OPEN 90+ INSTITUTE
CLASS VI-XII
Open Registration for 2025-2026
ICSE | CBSE
Struggling with Studies ? ENROLL NOW
Free Demo Classes For 1 Week From 20th March
Contact - 8210419469, 9798196834
Address: 1st Floor Bhowmick Complex Kokar Bazar Ranchi, Jharkhand Devi Mandap, Bandhgari, Dipatoli, Ranchi, Jharkhand

Panasonic BRANDSHOP ideas for life
DIVYA ENTERPRISES
Nile Complex, Old HB Road, Near PNB Kantatoli Branch Ranchi - 834001
Mob.: 9576777385, 9304809352

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS-XI 2025
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!

विवाह संतान, उच्च शिक्षा, नौकरी, व्यापार, विदेश यात्रा, प्रमोशन के समस्याओं के समाधान हेतु सम्पर्क करें।
ज्योतिषाचार्य जयप्रकाश नारायण
परामर्श शुल्क 501/- 36 वर्षों का अनुभव
मिलने का समय 3 से 5 बजे तक। सम्पर्क करें : 94313595523
L-78, Argora, Housing Colony, Ranchi 06 AM to 11AM
12 AM to 07 PM जयपुर रत्न मंदिर, बाबा टावर, मेन रोड, रांची

DARSANI GEMS & ASTROLOGY
मेन रोड, हिरा - पन्ना जेम्स
Certify Gems MRP के साथ रत्न लेने से पहले जरूर कॉल करें
हम दिल से रिस्ते बनाते है
सम्पर्क करें : 7004769566

Dr. Pooja Sahu (Oral and Dental Surgeon) Bds,mph
DR. AVAILABLE Days - Monday Wednesday Friday And Sunday
9341731744
Sugnu Basti Near Shiv Mandir Aata Chakki Home

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्यवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**